(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

शहनाज गिल ने स्टाइलिश ...8



रविवार, 23 जनवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 09 अंक: 35 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## टिकट नहीं मिलने पर भाजपा से नाराज गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री लक्ष्मीकांत पारसेकर पार्टी छोड़ेंगे

पणजी। अगले महीने के राज्य विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा टिकट नहीं देने से नाराज, गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत पारसेकर ने शनिवार को कहा कि वह सत्तारूढ़ पार्टी से इस्तीफा दे देंगे। बातचीत में, 65 वर्षीय नेता ने कहा कि वह पार्टी में नहीं रहना चाहते हैं और आज शाम तक अपना त्यागपत्र औपचारिक रूप से सौंप देंगे। पारसेकर फिलहाल आगामी गोवा चुनाव के लिए भाजपा की घोषणा–पत्र समिति के प्रमुख हैं और पार्टी को कोर समिति के भी सदस्य हैं। भाजपा ने मांद्रेम विधानसभा सीट के लिए मौजूदा विधायक दयानंद सोपते को नामांकित किया है। इस सीट का पारसेकर ने 2002 से 2017 के बीच प्रतिनिधित्व किया था। सोपते ने 2017 के राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर पारसेकर को हराया था लेकिन 2019 में नौ अन्य नेताओं के साथ सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए थे। पारसेकर ने कहा, "फिलहाल, मैंने इस्तीफा देने का फैसला किया है। मैं आगे क्या करुंगा, इसका फैसला बाद में करुंगा।" उन्होंने कहा कि सोपते मांद्रेम में मूल भाजपा कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर रहे हैं जिससे उनके भीतर व्यापक असंतोष है। पारसेकर 2014 से 2017 के बीच गोवा के मुख्यमंत्री थे। उन्हें तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के बाद राज्य का मुख्यमंत्री चुना गया था। भाजपा ने 14 फरवरी के गोवा विधानसभा चुनाव के लिए 34 प्रत्याशियों की पहली सूची की घोषणा कर दी है। राज्य में विधानसभा की 40 सीट हैं।



## समाजवादी पार्टी की सरकार बनी तो आईटी क्षेत्र में 22 लाख युवाओं को देंगे रोजगार: अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा)के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को वादा किया कि पार्टी की सरकार बनने पर उत्तर प्रदेश के 22 लाख युवाओं को आईटी क्षेत्र में रोजगार दिया जाएगा। अखिलेश यादव ने यह घोषणा यहां अयोजित संवाददाता सम्मेलन में की। इस अवसर पर बरेली के पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन और उनकी पत्नी व इस चुनाव में कांग्रेस में उम्मीदवार सुप्रिया ऐरन सपा में शामिल हुईं। अखिलेश ने बरेली की पूर्व महापौर सुप्रिया को बरेली कैंट से सपा का प्रत्याशी घोषित किया है। इसके अलावा संडीला से पूर्व विधायक महावीर सिंह की पत्नी रीता सिंह भी पार्टी में शामिल हुईं। अखिलेश यादव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि "वर्ष 2022 में बाइसिकल का नारा साकार करने के लिए सपा आज संकल्प लेती है। आईटी सेक्टर में 22 लाख युवाओं को नौकरी देने का संकल्प लेते हैं, इसके लिए सरकार काम करेगी। जो सरकार 18 लाख लैपटॉप दे सकती है, वो सरकार इस दिशा में देर नहीं लगाएगी। यह नौकरी आईटी सेक्टर वालों को मिलेगी।" उन्होंने कहा, जो समाजवादी पार्टी 18 लाख लैपटॉप बांट सकती है उसको 22 लाख रोजगार आईटी के क्षेत्र में देने में समय नहीं लगेगा। आईटी सेक्टर के लिए पहला संकल्प हैं कि 22 लाख युवाओं को इस क्षेत्र में रोजगार दिया जाएगा।



## कौन होगा उत्तराखंड में कांग्रेस का सीएम उम्मीदवार ? हरीश रावत ने कही यह बड़ी बात

देहरादून। उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक



सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता हरीश रावत ने आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में तीसरी पार्टी के लिए कोई मौका नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले जो पार्टियां थीं वो धीरे–धीरे गायब हो गई हैं। आम आदमी पार्टी पर बरसे रावत: समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि प्रदेश में तीसरी पार्टी के लिए कोई मौका नहीं है। पहले की पार्टियां धीरे–धीरे गायब हो गई हैं। उनमें यूकेडी भी शामिल है। जिसका संघर्ष का इतिहास रहा है, लोगों ने इतिहास की थैली में धकेल दिया है। इसलिए नई पार्टी के बारे में कोई सवाल नहीं है। यह दिल्ली नहीं है। कौन होगा मुख्यमंत्री उम्मीदवार ?: उन्होंने कहा कि यह दिल्ली नहीं है जहां लोग आएंगे, कुछ कहेंगे और हर जगह इसकी चर्चा होगी। भौगोलिक स्थिति और सभी प्रकार की स्थितियों को समझना और फिर नीति बनाना समय की आवश्यकता है। उन्हें वह समय देना होगा। उन्होंने कहा कि मेरे हाथ में पार्टी ने कैंपेन का नेतृत्व करने का काम सौंपा है। मेरा काम है बहुमत मिले। एक बार बहुमत मिले, उसके बाद कांग्रेस अध्यक्षा हमारे नेता को नामजद करेंगी। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अलावा आम आदमी पार्टी (आप) भी चुनावी मैदान में उतर चुकी है। जहां आम आदमी पार्टी ने कर्नल अजय कोठियाल को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाया है तो वहीं भाजपा पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक स्थिति साफ नहीं की है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि 10 मार्च को आने वाले चुनाव परिणाम में किसकी सरकार बनती है।

## जम्मू–कश्मीर में कब होंगे चुनाव ? गृह मंत्री अमित शाह ने दी बड़ी जानकारी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जम्मू–कश्मीर का जिला सुशासन सूचकांक जारी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर में जल्द ही चुनाव कराए जाएंगे। गृह मंत्री ने कहा कि आज जो सुशासन सूचकांक शुरू हुआ है इससे जिले के तंत्र को सुधारने, परिणाम लक्ष्य बनाने और डिलीवरी देने वाला तंत्र बनाने के लिए बहुत बड़ा फायदा जम्मू–कश्मीर के लोगों को होगा। सूचकांक में केंद्र और राज्य सरकार की नीतियां, योजनाएं और कार्यक्रम की निगरानी जिला स्तर किया गया है।

आतंकी घटनाओं में दर्ज की गई गिरावट

उन्होंने कहा कि धारा 370 को हटाए जाने के बाद आतंकवादी घटनाओं में 40 फीसदी की कटौती हुई है और मृत्य में 57 फीसदी की कमी आई है। उन्होंने कहा कि जब जनता को अच्छा प्रशासन मिलता है तो वह विकास की प्रक्रिया में अपने आप हिस्सेदार होती है। मैं उपराज्यपाल मनोज जी को साधुवाद देता चाहता हूं कि भारत सरकार की सभी योजनाओं में आज जम्मू–कश्मीर एक से पांच नंबर पर है। इस प्रकार का इम्प्लीमेंटेशन शायद ही किसी राज्य में हुआ है।



इसी बीच गृह मंत्री ने घाटी की जनता से अपील की कि निहित स्वार्थ के लिए बहकाने वाले लोगों के झांसे में नहीं आए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र अच्छा हो, इसके लिए जरूरी है कि जम्मू–कश्मीर में शांति बनी रहे। इसलिए उकसावे वाली राजनीति में जम्मू–कश्मीर के युवा गुमराह न हों। आप देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जम्मू–कश्मीर के प्रशासन पर भरोसा रखिए।

जल्द कराए जाएंगे चुनाव

गृह मंत्री ने कहा कि परिसीमन शुरू हो गया है और जल्द ही हम चुनाव कराएंगे। मैंने लोकसभा में आश्वासन दिया है कि जैसे ही जम्मू–कश्मीर में स्थिति सामान्य होगी वैसे ही जम्मू–कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा। परन्तु मेरा आप सबसे आग्रह है कि विकास की ओर ध्यान दीजिए।

गौरतलब है कि साल 2019 में केंद्र सरकार ने जम्मू–कश्मीर से धारा 370 के कुछ प्रावधानों को समाप्त कर उसे दो केंद्रशासित प्रदेशों–जम्मू–कश्मीर और लद्दाख का स्वरूप दिया था। जिसके बाद से लगातार पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किए जाने की मांग उठ रही थी। ऐसे में गृह मंत्री ने स्पष्ट किया है कि स्थिति सामान्य होने पर जम्मू–कश्मीर को उसके पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा।

## आस्ट्रेलिया के दो विश्वविद्यालयों द्वारा सी.एम.एस. छात्र को उच्चशिक्षा हेतु पढ़ाई का ऑफर

लखनऊ। आस्ट्रेलिया के दो प्रख्यात विश्वविद्यालयों यूनिवर्सिटी एवं मेलबर्न एवं आर.एम.आई.टी. यूनिवर्सिटी ने सिटी मान्टेसरी स्कूल, अलीगंज (प्रथम कैम्पस) के मेधावी छात्र अर्जुन टंडन को उच्च शिक्षा हेतु पढ़ाई का ऑफर दिया है। इस प्रकार, सी.एम.एस. के इस होनहार छात्र ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं बहुमुखी प्रतिभा से लखनऊ का नाम गौरवान्वित किया है। सी.एम.एस. के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि अर्जुन ने अपनी इस सफलता का सम्पूर्ण श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने विद्यालय के इस प्रतिभाशाली छात्र को हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विदित हो कि सी.एम.एस. प्रदेश में एकमात्र एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि वर्ष 2021 में सी.एम.एस. के 90 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.आई.टी.), स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। इस वर्ष भी अभी तक 35 से अधिक छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित हो चुके हैं। श्री शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी सी.एम.एस. छात्र रिकार्ड संख्या में विदेश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ायेंगे।

## भाजपा सरकार ने बदले की भावना से काम किया: सरोज

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि बाबा मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में तानाशाही शासन स्थापित किया है। प्रदेश में कानून का राज नहीं है। भाजपा सरकार ने बदले की भावना से काम किया है। बाबा मुख्यमंत्री का बुलडोजर पिछड़ों, दलितों, ब्राह्मणों के घरों पर चला है। सरकार ने टॉप टेन माफियाओं की सूची नहीं जारी की। सूची जारी करते थे सब इन्हीं के समर्थक मिलते। सपा प्रदेश मुख्यालय से वर्चुअल रैली को संबोधित करते हुए सरोज ने कहा कि भाजपा सरकार सरकार ने एससी, एसटी, पिछड़े, दलित, मुसलमान और ब्राह्मणों को टारगेट किया। पिछड़ों और दलितों, अल्पसंख्यकों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हुए। पुलिस के संरक्षण में मौतें हुईं। लोगों को न्याय नहीं मिला। अत्याचार और अन्याय की सीमाएं पार हो गईं। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने कोई काम नहीं किया आरक्षण घोटाला किया। नौजवानों को लाठियों से पिटवाया। सरोज ने कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षक भर्ती में दलित और पिछड़े वर्ग के 19 हजार पदों का घोटाला किया।

## सपा प्रदेश मुख्यालय में मनायी गयी जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर शनिवार को समाजवादी नेता स्व. जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई गई। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव, पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी समेत बड़ी संख्या में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जनेश्वर मिश्र की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी स्व.जनेश्वर मिश्र जी के बताए हुए रास्ते पर आगे बढ़ रही है। समाजवादी पार्टी को बनाने और आगे बढ़ाने में जनेश्वर मिश्र जी का बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने पूरा जीवन समाजवादी आंदोलन को मजबूत करने में लगाया। इस अवसर पर हिंदी संस्थान के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने कहा कि समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने में जनेश्वर जी का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने समाजवादी विचारधारा को शैली में बदल दिया। उन्हें आम जनता से लगाव था। उनके विचारों को आगे बढ़ाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

## प्रधानमंत्री ने सामान्य सेवा केन्द्रों का दायरा बढ़ाने के लिए चम्बा जिले की सराहना की

शिमला । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के विभिन्न आकांक्षी जिलों के जिलाधिकारियों के साथ संवाद किया। प्रधानमंत्री ने इन जिलों में सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की प्रगति और वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने अधिकारियों के साथ बातचीत की और उन्हें सभी हितधारकों के साथ मिलकर जिलों में विभिन्न विभागों द्वारा मिशन मोड में योजनाओं को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने जिले के लोगों की सुविधा के लिए सामान्य सेवा केन्द्रों का दायरा बढ़ाने में प्रदेश के चंबा जिले की उपलब्धि की भी सराहना की। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर वर्चुअल माध्यम से शिमला से बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने राज्य के चंबा जिले द्वारा सामान्य सेवा केन्द्रों के दायरे को लगभग 67 प्रतिशत से बढ़ाकर 97 प्रतिशत से अधिक करने की उपलब्धि की सराहना करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनवरी 2018 में देश के लिए आकांक्षी जिला कार्यक्रम की शुरुआत की थी और इस योजना के अन्तर्गत चंबा जिले का भी चयन किया गया था। नीति आयोग ने स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेश और कौशल विकास तथा बुनियादी अधोसंरचना जैसे समग्र मानकों के आधार पर कुल 112 आकांक्षी जिलों को चयन किया गया था, जिनका मानव विकास सूचकांक पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम का उद्देश्य अनिवार्य रूप से सतत विकास लक्ष्यों को स्थानीय स्तर पर हासिल करना है, जिससे राष्ट्र की प्रगति हो सके। जय राम ठाकुर ने कहा कि इस कार्यक्रम के कार्यान्वित होने के उपरांत चंबा जिले ने विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि मार्च, 2019 में जिले को स्वास्थ्य और पोषण में द्वितीय स्थान पर, नवम्बर, 2020 में बुनियादी अधोसंरचना में सर्वश्रेष्ठ जिलों में और अक्तूबर, 2021 में देश में द्वितीय स्थान पर आंका गया है। उन्होंने कहा कि इस रैंकिंग के आधार पर जिले को नीति आयोग द्वारा परियोजनाओं के रूप में 8 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है और जिले के लिए सीएसआर शीर्ष के तहत 25.04 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई है। जल शक्ति मंत्री महेन्द्र सिंह ठाकुर, ऊर्जा मंत्री सुख राम, अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और जे.सी. शर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।





# निःशुल्क खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी करने वालों कोटेदारों के खिलाफ डीएम का एक्शन, पांच कोटेदारों की दुकानें निलंबित, तीन की जमानत राशि जब्त

## खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी करने वालों को डीएम की चेतावनी, मानक अनुरूप गल्ला न देने की शिकायत पर होगी कठोर कार्यवाही

गोंडा।जिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बावजूद सरकारी गल्ला देने मे गड़बड़ी करने वाले कई कोटेदार फंस गए हैं। जिलाधिकारी ने ऐसे मनबढ़ कोटेदारों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए दुकानें निलंबित करने तथा जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की है।

बताते चलें कि शासन के निर्देशानुसार माह दिसम्बर 2021 से माह मार्च 2022 तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्डधारकों को प्रत्येक माह खाद्यान्न के साथ साथ 01 किग्रा खाद्य तेल 01 किग्रा आयोडाइज्ड नमक एवं 01 किग्रा साबूत चना का निःशुल्क वितरण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। विभिन्न स्तरों से प्रायः ऐसी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कुछ उचित दर विक्रेताओं द्वारा शासन के मंशा के अनुरूप लाभार्थियों, कार्डधारकों को वितरित किये जाने वाले निःशुल्क खाद्यान्न व अन्य सामग्री के वितरण के समय उपभोक्ताओं को अनुमन्य मात्रा में खाद्यान्न न देकर घटतौली की जा रही है। उक्त के अतिरिक्त कुछ विक्रेताओं द्वारा निःशुल्क खाद्यान्न सामग्री न देकर धनराशि की वसूली की जा रही है विभिन्न स्तरों से प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में खाद्य विभाग एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर उचित दर विक्रेताओं के द्वारा किये जा रहे आवश्यक वस्तुओं के वितरण की गहन जॉच करायी गयी। जांच में पायी गयी गंभीर अनियमितताओं के फलस्वरूप तहसील करनैलगंज के विकासखंड कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम सभा राजगढ अमीन के उचित दर विक्रेता मदन चन्द, विकासखण्ड करनैलगंज अन्तर्गत ग्राम सभा अहिरौरा के विक्रेता अख्तर व ग्राम सभा पैरोरी के विक्रेता कृष्ण मुरारी ओझा, तहसील मनकापुर के विकासखण्ड मनकापुर अंतर्गत ग्राम सभा मिश्रौलिया गोसाई के विक्रेता करम अली तथा तहसील सदर के विकासखण्ड झंझरी अंतर्गत ग्राम सभा बूढा देवर के उचित दर विक्रेता तापेश्वरी प्रसाद के उचित दर विक्रेता की दुकान का अनुबंध पत्र निलंबित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त कुछ उचित दर विक्रेताओं के वितरण में आंशिक कमियों परिलक्षित हुई, जिसमें तहसील सदर के विकासखंड इटियाथोक अंतर्गत ग्राम सभा भवानीपुर कला के विक्रेता धर्मेन्द्र कुमार, ग्राम सभा रमवापुर नायक के विक्रेता ओमप्रकाश एवं विकासखण्ड मुजेहना के विक्रेता सालिकराम द्वारा जमा प्रतिभूति की राशि पांच हजार रूपए शासन के पक्ष में जब्त कर भविष्य में वितरण के प्रति अपेक्षित सुधार हेतु कठोर चेतावनी दी गयी है। यदि किसी उचित दर विक्रेता के विरूद्ध वितरण में अनियमितता किये जाने की शिकायत प्राप्त होती है, तो ऐसे उचित दर विक्रेताओं के विरूद्ध दुकान निलम्बन, निरस्तीकरण के साथ–साथ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 एवं भारतीय दण्ड संहिता की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया जायेगा। उन्होंने बताया है कि माह के द्वितीय वितरण चक शनिवार 22 जनवरी से प्रारम्भ होगा, जिसमें अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्ड धारकों को प्रति यूनिट 05 किग्रा खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जाना है।

# कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव सिद्धार्थ शुक्ला सहित कई युवाओ ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

गोंडा।आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला प्रभारी एमएलसी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह एवं जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी गोंडा अमर किशोर कश्यप गोंडा के नेतृत्व में गोंडा जिले के कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव एवं पूर्व एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ शुक्ला सहित कई युवाओ द्वारा भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।

सिद्धार्थ शुक्ला ने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी नीतियों एवं देश के यशश्वी व लोकप्रिय श्री नरेंद्र मोदी जी की कार्यशैली तथा मुख्यमंत्री आदरणीय योगी जी की कार्यशैली से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता ले रहे हैं। कांग्रेस में युवाओं का सम्मान अब नही रह गया है। जिला प्रभारी ने कहा कि सिद्धार्थ शुक्ला के आने के बाद जिले में युवाओं के बीच भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रियता और ज्यादा बढ़ेगी।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि आप सभी का भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत है।आप सभी से के सहयोग एवं समर्पण के बल पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने जा रही है। आज सदस्यता लेने वाले प्रमुख लोगो मे प्रदीप चतुर्वेदी जिला सचिव यूथ कांग्रेस, कुलदीप मिश्र पूर्व जिला उपाध्यक्ष एनएसयूआई, नितेश पाठक, अभिषेक मिश्र,शिवम तिवारी, सोमेश प्रताप सिंह, आमिर, राकेश कनौजिया, दीपांकर तिवारी सहित कई लोगो ने आज कांग्रेस छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली।

# नशा उन्मूलन के लिए युवाओं की टीम ग्रामीण क्षेत्रो में कर रही है जागरूक

बहराइच।नशा उन्मूलन पर रोक के लिए जनपद में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है।युवाओं की टोली नुक्कड़,चौराहों,कस्बों में नशे के उपभोग से होने वाली हानियों को प्रसारित कर रहे है।शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में भी जगह जगह जागरूकता के लिए पोस्टर कैंपेन चलाए जा रहे है।इसी क्रम में आज पयागपुर बाजार में नशा को जड़ से समाप्त करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया गया।जिसका नेतृत्व समाजसेवी शिवा अवस्थी व सचिन श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी भी मौजूद रहे।विधायक प्रतिनिधि ने कहा है नशा समाज के लिए अभिशाप बन चुका है।क्षेत्र,प्रदेश व देश को नशाखोरी से हम सबको मिलकर मुक्ति दिलानी होगी।उन्होंने कहा कि हमे प्रण करना होगा नशे का सेवन न तो करेंगे और न सामने वाले को करने देंगे।जागरूकता कार्यक्रम के दौरान नशे से सम्बन्धित पोस्टर भी चिपकाए गए तथा सामूहिक रूप से नशा से दूर रहने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर सुधीर मिश्रा , प्रमित शुक्ला , प्रदीप त्रिपाठी , विवेक कुमार , राजेश तिवारी , विकास कुमार , अजय प्रताप आदि लोग शामिल रहे।

# ईवीएम मशीनों का स्कैनिंग कार्य शुरू , स्कैनिंग कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु एनआईसी में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में विधानसभावार ई.वी.एम. व वी. वी. पैट का रैण्डमाईजेघ्शन किया गया था। रैण्डमाईजेघ्शन की कार्यवाही के पश्चात जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में विधानसभावार संचालित ईवीएम के स्कैनिग कार्य का जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने निरीक्षण करते हुए रिटर्निंग आफिसर्स तथा मौजूद राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगणों से अपेक्षा की कि इस पूरी प्रक्रिया को नियमानुसार सम्पादित करायें। डॉ. चन्द्र ने कहा कि निर्वाचन से जुड़ी यह एक महत्वपूर्ण प्रकिया है इसलिए इसमें किसी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। डीएम डॉ. चन्द्र ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि प्रत्येक विधानसभा के लिए अपना एक–एक प्रतिनिधि नामित कर दें ताकि उनकी उपस्थिति व देखरेख में कार्य को आयोग की मंशानुरूप सम्पन्न कराया जा सके। डीएम डॉ. चन्द्र ने सभी आर.ओ. तथा स्कैनिंग कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्कैनिंग कार्य को पूरी शुचिता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न करायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ गंगवार आईएएस, न्यायिक सुभाष सिंह धामी, प्रशिक्षु पीसीएस अमन देओल, अधिशाषी अभियन्ता जल निगमध्नोडल ईवीएम सौरभ सुमन व अन्य अधिकारी, भाजपा से पुष्पनाथ तिवारी, राष्ट्रीय लोक दल से सईद अहमद, कांग्रेस से नदीम अहमद, बसपा से छोटेलाल गौतम, राष्ट्रवादी कांग्रेस से राजेश श्रीवास्तव, समाजवादी पार्टी से मिथुन बाल्मीकी एडवोकेट सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# चेकिंग में 67 लाख बरामद,ब्यौरा न देने पर रुपये जब्त,ट्रेजरी में कराया गया

गोंडा। एसडीएम करनैलगंज द्वारा की बड़ी कार्यवाही चेकिंग के दौरान 67 लाख की नगद धनराशि पकड़ी रुपयों का ब्यौरा न दे पाने के कारण ट्रेजरी में जमा कराया गया। चेकिंग अभियान के दौरान उप जिलाधिकारी एवं उड़न दस्ते के संयुक्त अभियान में एक वाहन से दो लाख रुपये कैश और दो वाहनों से चुनाव प्रचार सामग्री बरामद हुई। वाहनों को सीज करने व सामग्री को जब्त करने के साथ साथ रिपोर्ट दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी हीरालाल के नेतृत्व में हुजूरपुर मोड़ व गोंडा–बहराइच बॉर्डर पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहनों में लगे झंडे व स्टिकर हटवाये गये तथा वाहनों में रखी प्रचार सामग्री जब्त की गई। चेकिंग के दौरान एक वाहन से दो लाख का कैश भी बरामद हुआ तथा तीन वाहनों को सीज किया गया। एसडीएम हीरालाल ने बताया कि चेकिंग के दौरान एक वाहन यूपी 32 केबी 2238 पर आमोद कुमार गुप्ता निवासी खरगूपुर व कार चालक बाबू के पास से दो लाख का कैश मिला। जिसका हिसाब किताब नही बता पाए। जिसपर कैश को जब्त किया गया। आगामी विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में . उपजिलाधिकारी हीरालाल यादव के नेतृत्व में पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों पर लगे विभिन्न दलों के झंडों और प्रत्याशियों के स्टिकर हटवाये। साथ ही वाहन चालकों को दोबारा ऐसा न करने की चेतावनी भी दी। इस मौके पर कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह, नगर चौकी प्रभारी दिवाकर मिश्रा अपने दल बल के साथ मौजूद रहे।

# सर्द रात में जरूरतमंदों के लिए सहारा बना कलाम फाउंडेशन

बहराइच।शदीद सर्द रात में बाहर से आए लोगों के लिए कलाम फाउंडेशन बड़ा सहारा बना है। शहर के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर फाउंडेशन की टीम ने लोगों को गर्म चाय बांटी। ड्यूटी पर मुस्तैद पुलिस कर्मियों को भी चाय बांटी गई।कलाम फाउंडेशन की टीम अपने सहयोगियों के साथ शहर के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर पहुंची। बस व ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों, ठंड में ठिठुरते लोगों को चाय बांटी गई। अस्पताल चौराहा समेत अन्य स्थानों पर भी चाय बांटी गई। इसके अलाव विभिन्न स्थानों पर ड्यूटी पर मुस्तैद पुलिस कर्मियों को भी गर्म चाय बांटी। फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य अमर सिंह विशेन ने बताया कि कोरोना महामारी को फैलने से रोकने के लिए सरकार ने नाइट कर्फ्यू लगा रखा है। ऐसे में होटल व चाय की दुकान बंद हो जाती है। उन्होंने बताया कि ठंड से परेशान लोगों को गर्म चाय काफी राहत देगी। उन्होंने बताया कि इस कार्य को विगत कई दिनों से किया जा रहा है। इस मौके पर संस्थापक सदस्य विकास जायसवाल धोनी,राज सिंह,यश सिंह रैकवार, सुनील गुप्ता, शैलेन्द्र वर्मा,राजेश चौधरी मौजूद रहे।

# सार्वजनिक स्थलों पर लगायी जाय मास्टर प्लान की प्रदर्शनी

अयोध्या। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अयोध्या विधानसभा प्रभारी मनोज जायसवाल की अगुवाई में मास्टर प्लान महायोजना 2031के संदर्भ में सैकड़ों व्यापारियों के साथ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष विशाल सिंह को आपत्ति दर्ज कराते हुए यह मांग किया गया है कि मास्टर प्लान की प्रारूप शहर के बीचो–बीच में लगानी चाहिए जिससे कि व्यापक प्रचार–प्रसार हो सके। लोग आसानी से पहुचकर प्रस्तावित महायोजना की रूपरेखा समझ कर अपना आपत्तिध्सुझाव आसानी से दे सके। मास्टर प्लान महायोजना का प्रचार प्रसार अधिकतर लोगों में नहीं हो पाया है इसलिए व्यापक प्रचार प्रसार के साथ ही आपत्तिध सुझाव की तारीख और बढ़ायी जाय जिससे नागरिकों का सही राय आ सके। उपाध्यक्ष से यह मांग किया गया कि मास्टर प्लान का प्रदर्शनी सार्वजनिक स्थलों पर लगायी जाय। लाउडस्पीकर से प्रचार प्रसार किया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों में महायोजना प्रस्तावित प्रारूप की जानकारी हो सके। इसके लिए मास्टर प्लान का प्रारूप फैजाबाद शहर में चौक के पास अयोध्या शहर में भी लगाई जाए। महायोजना का प्रारूप बनाने से पहले यहां के साधु संतों नागरिकों व्यापारियों के साथ समन्वय बैठक करने के बाद इसका प्रारूप बनाया जाए। श्री जायसवाल ने बताया आज सैकड़ों व्यापारियों की आपत्ति पत्र को भी दिया गया है जनहित में उपरोक्त मांग की गई है यदि शासन प्रशासन उपरोक्त मांगों को नहीं मानती है और मास्टर प्लान महायोजना को लागू करती है तो आने वाले दिनों में अयोध्या जिले के लोगों द्वारा इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री अमृत राजपाल ने कहा कि मास्टर प्लान महायोजना लागू होने से यहां की ऐतिहासिकध पौराणिकता खत्म हो जाएगी तोड़फोड़ से नवैयत बदल जायेगी जिससे अयोध्या शहर जो हैरिटेज सिटी मे शामिल होने को है इसको भी झटका लग सकता है। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता नंदू, अंगद चौरसिया, विजय यादव, शक्ति जायसवाल, विनोद कुमार गुप्ता, रवि साहू, अंकित जायसवाल, सुशील जायसवाल, अमित मिश्रा, चौधरी बलराम यादव, महंत अनिल मिश्रा, रोहिताश चंद, मनोज कुमार साहू, अंकुर जायसवाल, अनूप कुमार जयसवाल, अखिलेश कुमार वैश्य, शेखर गुप्ता, अमित कुमार पाण्डेय, सोनू जायसवाल, राजकुमार जयसवाल, तरुण कुमार गुप्ता, अभिनंदन यादव, अभिषेक गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, सहित सैकड़ों व्यापारी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत वितरण 31 जनवरी तक

गोण्डा।जिलाधिकारी मार्कंडेय शाही ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत शनिवार 22 जनवरी से 31 जनवरी तक के मध्य निःशुल्क वितरण कराये जाने के सम्बन्ध में सख्त निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी श्री शाही ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत आवंटित खाद्यान्न गेहूँ एवं चावल का निःशुल्क वितरण शनिवार 22 जनवरी से प्रारम्भ होकर आगामी 31 जनवरी तक सम्पन्न होगा। इस दौरान अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा खाद्यान्न प्रति यूनिट 03 किग्रा गेहूँ व 02 किग्रा चावल का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा। राशन कार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी तथा पोर्टेबिलिटी चालान जारी करने की सुविधा 26 जनवरी तथा 27 जनवरी को उपलब्धा रहेगी तथा योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 31 जनवरी रहेगी जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न करने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाईल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कोविड–19 से उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए खाद्यान्न का निर्बाध रूप से वितरण सुनिश्चित कराने हेतु उचित दर विक्रेताओं द्वारा द्वितीय चक के वितरण के दौरान खाद्यान्न का वितरण कार्य प्रातः 06 बजे से रात्रि 09 बजे तक सुनिश्चित किया जायेगा तथा प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कोई पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्ति से वंचित न रहें. उचित दर दुकानों पर भारी भीड़ एकत्रित न हो, इसके लिए सभी नामित नोडल अधिकारी उचित दर विक्रेता की दुकान पर शोसल डिस्टेंसिंग का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करायेंगे।

# जिलाधिकारी ने फखरपुर क्षेत्र में होम विजिट कर टीकाकरण का जाना हाल

बहराइच। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फखरपुर तथा फखरपुर बाजार में प्रथम डोज, द्वितीय डोज, 15 से 17 वर्ष आयु के किशोर–किशोरियों एवं व 18 वर्ष प्लस तथा बूस्टर डोज कोविड टीकाकरण का जायजा लेते हुए निर्देश दिया कि घर–घर जाकर अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण करें। उन्होंने 60 वर्ष से अधिक बुजुर्गों व फ्रन्टलाईन वकर्स को बूस्टर डोज के साथ–साथ निर्वाचन कार्य में लगे समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी शत–प्रतिशत टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया टीकाकरण कार्य की फीडिंग में किसी प्रकार की कोताही ने बरती जाय ताकि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा प्रत्यूष, खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर अशोक सिंह, टीकाकरण के नोडल डा विवेक रंजन, एएसएमओ डा. नीतिन लिखारे व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# जनपद में मनाया गया खुशहाल परिवार दिवस

## 5000 महिलाओं को दी गयी परिवार नियोजन की सेवाएं

अयोध्या। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में परिवार नियोजन सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। समुदाय स्तर पर परिवार नियोजन को बढ़ावा देने, इसके प्रति जागरूकता लाने और इसकी स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। परिवार नियोजन के कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के लिए जनपद में "खुशहाल परिवार दिवस" मनाया गया । जिसमें योग्य दम्पतियों लगभग 5000 महिलाओं को परिवार नियोजन की सेवाएं दी गयी । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने बताया कि इसी क्रम में जनपद के 11 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया द्य कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए खुशहाल परिवार दिवस मनाया गया जनपद में

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरसीएच डॉ. आरके सक्सेना ने बताया कि खुशहाल परिवार दिवस के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य समुदाय में परिवार नियोजन की जागरूकता तथा स्वीकार्यता बढ़ाना है। परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए जनपद के सीएससी पीएचसी पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया , कार्यक्रम में हाई रिस्क प्रेगनेंसी एचआरपी वाली महिलाएं , लक्षित समूह में नव विवाहित दंपति को चिन्हित किया गया है । इस विशेष दिन पर प्रत्येक चिकित्सा इकाई में नए और ऐसे दंपति जिन्हें परिवार नियोजन अपनाना चाहिए, उनको प्रेरित करने के लिए उनकी मुलाकात परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधन अपनाने वाले संतुष्ट दंपति से कराकर उनके अनुभव की जानकारी दी जाएगी । इसके साथ ही ऐसी महिलाएं जिनका प्रसव एक वर्ष से कम समय पहले हुआ है और उनकी प्रसव की स्थिति उच्च संकट गर्भावस्था की रही है, ऐसे जोड़ों को खुशहाल परिवार दिवस पर बुलाकर उन्हें पोषण और परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया गया द्य परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए जनपद के सीएससी पीएचसी पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया है कार्यक्रम में हाई रिस्क प्रेगनेंसी एचआरपी वाली महिलाएं , लक्षित समूह में नव विवाहित दंपति को चिन्हित किया गया । खुशहाल परिवार दिवस कार्यक्रम में दी गई सुविधाएं कंडोम– 12560 , आईयूसीडी–155, महिला नसबंदी– 24 , पीपीआईयूसीडी –35 ,छाया–1455, माला–एन 3145, अंतरा इंजेक्शन– 133, ई–पिल्स 78 कार्यक्रम में योग्य दम्पतियों लगभग 5000 महिलाओ को सेवा प्रदान की गई। डीपीएम राम प्रकाश पटेल ने बताया कि इस विशेष दिन पर प्रत्येक चिकित्सा इकाई में नए और ऐसे दंपति जिन्हें परिवार नियोजन अपनाना चाहिए, उनको प्रेरित करने के लिए उनकी मुलाकात परिवार नियोजन के स्थायी साधन अपनाने वाले संतुष्ट दंपति से कराकर उनके अनुभव की जानकारी दी जाती है ,ऐसी महिलाएं जिनका प्रसव एक वर्ष से कम समय पहले हुआ है और उनकी प्रसव की स्थिति उच्च संकट गर्भावस्था की रही है, ऐसे जोड़ों को खुशहाल परिवार दिवस पर बुलाकर उन्हें पोषण और परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया गया द्य साथ में कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते रहे।

# दो दर्जन ग्रामीणों ने संयुक्तरूप से उपजिलाधिकारी से की शिकायत कोटेदार का व्यवहार सही नही

करनैलगंज,गोंडा। विकास खंड करनैलगंज अंतर्गत ग्राम कचनापुर निवासी सन्तराम, शिवा, राजाराम, राजेश, लक्ष्मी, मधु सहित दो दर्जन ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमे कहा गया है कि राशनकार्ड धारको के प्रति कोटेदार का व्यवहार सही नही है। आये दिन ग्राम वासियो से उनका विवाद होता रहता है। राशन लेने के लिये दुकान पर जाने पर मशीन चार्ज न होने, मशीन खराब होने, नेटवर्क न होने आदि का बहाना बताकर राशन कार्ड धारकों को वापस करते रहते हैं। यही नही पूरा राशन न देने के लिये दुकान हमेशा बन्द रखकर घर घर जाकर फिंगर लगवाते हैं और फिर मनमानी तरीके से कटौती करते हुये कुछ लोगों राशन कम देते हैं। और कुछ कार्ड धारकों को राशन देते ही नही हैं। कार्डधारकों ने कोटेदार की गैर मौजूदगी में पूरे प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। एसडीएम हीरालाल ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नही है। फिर भी यदि ऐसा है तो जांच कराकर कार्रवाई की जायेगी।

# बलिदान दिवस पर हेमू कालाणी को किया गया नमन

अयोध्या। सिन्धी समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से .सदर तहसील स्थित पार्क में शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर हेमू कालाणी का 79 वां बलिदान दिवस मनाया गया। सिंधु सेवा समिति की ओर से अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीद को नमन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने हेमू कालाणी अमर रहे के गगन भेदी नारे लगाए। उनकी वीरता की गाथा याद करके तहसील स्थित हेमू पार्क में श्रद्धाजलि अर्पित की गई। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय गुप्ता ने शहीद ने कहा कि आज वीर हेमू सरीखे शहीदों के कारण ही हम सब भारतवासी खुली हवा में सांस ले रहे है। सिंधु सेवा समिति के अध्यक्ष मोहन मन्ध्यान ने कहा कि अमर शहीद हेमू ने कालाणी भारत को अंग्रेजी शासन से मुक्त कराने के लिए बलिदान दिया। यह हमारे समाज के लिए गर्व का विषय है। शहीद हेमू कालाणी जो मात्र 19 वर्ष की उम्र में 21 जनवरी 1943 शहीद हो गए।फॉंसी के वक्त इनका वजन नौ पौंड बढ़ गया था। सिंधु सेवा समिति के उपाध्यक्ष अमृत राजपाल ने कहा कि अमर शहीद हेमू कालाणी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हम सभी को एक सूत्र में समाजसेवा व देश सेवा का कार्य करते रहना चाहिए।इस मौके पर सिंधु सेवा समिति के संरक्षक ओम प्रकाश अंदानी, संरक्षक वेद प्रकाश राजपाल,महासचिव जय प्रकाश छेत्रपाल, सूचना मंत्री ओम मोटवानी,मुखिया अशोक मदान सुखी,हरीश मन्ध्यान,राजकुमार मोटवानी ,अवध विश्वविधालय के सिंधी विभाग के निदेशक प्रो.आरके सिंह,भक्त प्रहलाद समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल सागर,आसुदाराम बत्रा,कमलेश केवलानी,नारायण केवलरामानी,सुखदेव साधवानी,सरल झाप्रटे,सुनील मन्ध्यान,नरेंद्र छेत्रपाल,ओम प्रकाश ओमी,सुखदेव रावलानी,सुरेश भारतीय बाला,संदीप मन्ध्यान, कैलाश साधवानी,राजू गाइड,विकास आहूजा,सौरभ लखमानी,रितेश तोलानी,पुरुषार्थ तोलानी,संतोष सेहता,राहुल गुप्ता,कमल राहेजा ,प्रभु दास अंदानी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# उप जिलाधिकारी ने कोविड–19 के चलते सरकारी राशन की दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की

करनैलगंज, गोंडा । उप जिलाधिकारी ने कोविड–19 के चलते सरकारी राशन की दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की है। जिससे कोटेदारों में हड़कंप मच गया है। एसडीएम हीरालाल बताया कि राशन वितरण में गड़बड़ी पाए जाने पर दो को कोटेदारों के लाइसेंस को निलंबित एवं तीन कोटेदारों को चेतावनी जारी की है। एसडीएम ने बताया कि ग्राम करनैलगंज के ग्राम अहिरौरा में निरीक्षण किया गया। जहां जो लोग राशन लेकर जा रहे थे। उनका राशन तौल कराया गया। जहां प्रति यूनिट 1 किलो राशन कम मिला। कोटेदार ने इस बारे में बताया कि बिना तौल किये ही राशन ले जा रहे थे। अन्य दुकानों की भी इसी तरह जांच की गई। अहिरौरा के कोटेदार मोहम्मद अख्तर की दुकान लाइसेंस निलम्बित किया गया। इसी तरह कटरा बाजार ब्लॉक के ग्राम राजगढ़ अमीनपुर के कोटेदार मदन चन्द के कोटे की दुकान की शिकायत आई थी। जिसपर पूर्ति निरीक्षक को मौके पर भेजा गया था। जांच के दौरान राशन वितरण में गड़बड़ी पाई गई। जिसपर दुकान का निलम्बन आदेश जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम भुलभुलिया हलधरमऊ की कोटेदार नीलम देवी को राशन वितरण में गड़बड़ी पर आरोप पत्र जारी किया गया। इसके अलावा ग्राम कैंथोला, कोंचा कासिमपुर, गोनवा राशन वितरण सही पाया गया। कोविड के चलते यह छापेमारी की कार्रवाई कराई जा रही है।

# छात्रों की मेहनत से चमक उठी नेताजी की प्रतिमा





अनंत मिश्रा/
दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। जयंती से एक दिन पूर्व ही सनई तिराहे पर लगी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा चमक उठी। करण की अक्सर धूल से पटी रहने वाली इस प्रतिमा को छात्रों ने साफ–सफाई की। मूर्ति व चबूतरा सहित पूरे चौराहे की सफाई कर चूना आदि का छिड़काव किया गया। मूर्ति फूल मालाओं से सजाया गया। गौरतलब है कि उनकी जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष विभिन्न संगठनों द्वारा यहां विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।शनिवार को दोपहर बाद जयंती प्रमुख आचार्य दिलीप श्रीवास्तव व व्यंक्टेश्वर चंद्र मिश्र की अगुवाई में रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार के छात्रों का एक दल सनई तिराहा पहुंचा ।वहां पहुंचकर वह प्रतिमा व चबूतरे की सफाई में जुट गए ।देखते ही देखते प्रतिमा व चबूतरा सहित पूरा परिसर चमक उठा। जब फूल मालाओं से सजाया गया तो नेता जी की मूर्ति भी मानो चमक उठी।

चूना आदि के छिड़काव को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे किसी वी0आई 0पी0 का आगमन होने वाला हो। प्रध ाानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को नेताजी की उनकी जयंती के दृष्टिगत यह साफ सफाई कराई गई है। इससे हमारे छात्रों को उनके जीवन के बारे में विस्तार से ज्ञान हो सकेगा । वह उनसे प्रेरणा लेकर देश व समाज को आगे ले जाने का काम करेंगे। उक्त अवसर पर विद्यालय के छात्र आदित्य पांडेय,शिवा पांडेय,अंकित जायसवाल, अंकित दुबे,आदर्श मिश्र, विवेक यादव,दिव्यांश त्रिपाठी,अंकित श्रीवास्तव व पूर्व छात्र देवांश पांडेय समेत आचार्य दिग्विजय नाथ मिश्र , शिवा ,कर्मचारी राम भुआल वअनिल बाल्मीकि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## थाना अध्यक्ष के साथ एसएसबी ने की क्षेत्रों में फ्लैग मार्च'

अनंत मिश्रा /दैनिक बुद्ध का संदेश
उसका बाजार । उसका बाजार में आचार संहिता को देखते



हुए थाना अध्यक्ष के साथ एसएसबी के जवान भी फ्लैग मार्च की और साथ में लोगो को जागरूक भी किया गया वही लोगो को वोट देने के लिए भी जागरूक किया गया अलग अलग चौराहों पर भी फ्लैग मार्च किया गया ।थाना अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ी चौराहे पर, उसका राजा , कर्मा , सोहास , रेहरा आदि जगहों पर फ्लैग मार्च किया गया और लोगो को जागरूक किया गया।

## दुर्घटना को दावत दे रहा तुलसियापुर चौराहे का सूखा पेड़



दैनिक बुद्ध का संदेश
शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।
तुलसियापुर चौराहे से महज कुछ ही दूर पर स्थित एक सूखा पेड़ दुर्घटना को दावत दे रहा है। यदि समय रहते प्रश्नगत सूखे पेड़ को वहां से नहीं हटाया गया तो आने वाले समय में निश्चित ही वह सूखा पेड़ किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। स्थानीय लोगों की माने तो उक्त सूखे पेड़ से होने वाले संभावित घटना को लेकर वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी से शिकायत की गई बावजूद संबंधित अधिकारी संज्ञान नहीं ले रहे हैं।विदित हो कि तुलसियापुर चौराहे से महज कुछ ही दूर स्थित सूखे पेड़ के आस पास रिहाइशी इलाका है और सूखे पेड़ के पास ही हॉस्पिटल व किराने की दुकान भी है। अक्सर वहां भीड़ भी रहती है। उक्त मामले को लेकर युवा समाजसेवी अनिल अग्रहरि से बात की गई गयी तो उन्होंने बताया कि वह पेड़ विजय अग्रहरि के घर के सामने है, जो कि सूख गया है। पेड़ को वहाँ से नही हटाने पर किसी दिन बड़ी घटना घट सकती है। उन्होंने प्रशासन से सूखे पेड़ को हटवाने की मांग की है।

## गगहा पुलिस ने लूट की मोबाइल व नकद के साथ तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

### घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल एक 315 बोर तमंचा बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश
गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के टिकर स्थित बियर की दुकान



के मुनीब से दो मोबाइल 40000 रुपए नगर 18 दिसंबर 2021 को लूट लिया था वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह व सहायक पुलिस अधीक्षकध् क्षेत्राधिकारी बांसगांव राहुल भाटी को निर्देशित किया कि अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजे गगहा पुलिस निर्देशों का अनुपालन करते हुए सर्विस लांस वह मुखबीर की मदद से मुनीब से लूटे हुए दो मोबाइल व 30770 घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल एक नाजायज 315 बोर तमंचा के साथ रियाव मोड़ के पास बहद गांव हटा बाजार से तीन अभियुक्तों मान सिंह पुत्र स्वर्गीय रामसमुझ निवासी पांडेयपार डढ़वा थाना गोला देवेंद्र उर्फ सतीराम पुत्र रामनिवास निवासी पांडेयपार डढ़वा थाना गोला राजकुमार पुत्र स्वर्गीय महेंद्र यादव निवासी पांडेयपार डढ़वा थाना गोला गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरुण कुमार सिंह ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों ने पहले तो अनजाने में लूट होने की घटना को स्वीकार किया लेकिन बाद में इन की कुंडली खंगाली गई तो राजकुमार पुत्र महेंद्र यादव अपराधिक किस्म का व्यक्ति निकला इसके खिलाफ जनपद के विभिन्न थाना अंतर्गत 12 मुकदमा पंजीकृत किए गए थे इसी तरह देवेंद्र उर्फ सतीराम के खिलाफ भी विभिन्न थाना अंतर्गत तीन मुकदमा पंजीकृत थे यह सब तीनों लुटेरे सोची समझी रणनीति के तहत लूटपाट की घटना को अंजाम दिये था जो सर्विस लांस ने लूट का राज खोलने में निर्णायक साबित हुआ। गिरफ्तार करने वालों में प्रमुख रूप से जयंत कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना गगहा वरिष्ठ उप निरीक्षक अशोक कुमार यादव उप निरीक्षक रविंद नाथ चौबे हेड कांस्टेबल अनिल कुमार पांडेय कांस्टेबल संतोष कुमार सिंह कांस्टेबल रमेश प्रसाद मौजूद रहे।

## सपा जिला कार्यालय पर मनाई गई जनेश्वर मिश्र की12वीं पुण्यतिथि



दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध स्व. जनेश्वर मिश्र जी ने समाजवादी विचार ध ाारा को पूरे देश में फैलाने का काम किया था। जिसका नतीजा रहा कि देश एवं प्रदेश समाजवादी सोच की सरकारें बनीं। जिसके कारण समाज के दबे कुचले लोगों के भलाई के लिए काम किया गया और सत्ता के माध्यम से उन्हें नौकरियां भी दी गयी। जिसके कारण दलित, पिछड़ा, महिला एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लोग आत्मनिर्भर बनकर देश के तरक्की अहम भूमिका निभा रहे हैं।

यह बांते समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक लालजी यादव ने कहीं। वह शनिवार को सपा जिला कार्यालय पर जनेश्वर मिश्र जी के 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनका जन्म बलिया जिले के शुभनथही गांव में 5 अगस्त 1933 में हुआ था। उनकी मृत्यु 22 जनवरी 2010 को इलाहाबाद में हुआ था। समाजवादी नेताओं में डाक्टर राम मनोहर लोहिया के बाद जनेश्वर मिश्र जी को सबसे ज्यादा इज्जत दी जाती है। मिश्र जी बेहद ही लोकप्रिय और सादगी पसंद नेताओं में गिने जाते थे। वह लोकसभा व राज्यसभा के भी सदस्य चुने गये थे। देश के रेल व पेट्रोलियम मंत्रालय के जिम्मेदारी निभा चुके हैं। गोष्ठी को पूर्व विधायक अनिल सिंह, विधायक अमर सिंह चौधरी, प्रदेश सचिव सपा विभा शुक्ला, महासचिव कमरुजमा खान, सुहेलदेव भासपा के जिलाध्यक्ष राम निवास राजभर, अंबिकेश श्रीवास्तव, राकेश दूबे, विजय यादव, जेपी यादव, राम सेवक लोधी, विष्णु उमर, शहजाद, पूर्व प्रमुख विनोद सावंत, शशांक त्रिपाठी, तुफैल अहमद, शिव चंद भारती, अनिल यादव आदि ने संबोधित किया। जमील,राकेश यादव, शादाब खान, केदार लोध ी, सोनू यादव, रोहित श्रीवास्तव, गुड्डू साइकिल, वृजेश कन्नौजिया, इंजीनियर प्रदीप चौधरी, अनिल चौधरी, रमजान लोधी, परवेज आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के पूर्व सभी ने जनेश्वर मिश्र जी के चित्र पर फूल माला चढ़ा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बाँसी नगर पालिका अध्यक्ष के आवास परजनेश्वर मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित

दैनिक बुद्ध का संदेश
बांसी। शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष बाँसी मो०इदरीस



पटवारी के आवास पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यएवं समाजवाद के प्रेरणास्रोत छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किये इस कार्यक्रम में चमन आरा राईनी सपा राष्ट्रीय सचिव महिला सभा,बांसी नगरपालिका अध्यक्ष मोहम्मद इदरीश पटवारी,राधेश्याम जायसवाल,नईम कुरैसी, महताब आलम,सफीकुर्राहमन शेख,,शोएब राईनी,,सैफ अहमद,असद खान,राशिद समाजवादी,भोला,अलीम,नावेद,सुल्लु,माधुरी,सुमन,सुनीता आदि मौजूद रहे।

## स्व0 अजय पाण्डेय अपने परिवार के लिए खेवनहार थेः श्याम नारायन तिवारी

दैनिक बुद्ध का संदेश
पकडडीहा/नौतनवां।
नौतनवा विधानसभा के ग्राम सभा पकडडीहा निवासी स्व0 प्रेम नारायण पाण्डेय के चार पुत्रो में दूसरे नम्बर के प्रतिभाशाली पुत्र रहे अजय पाण्डेय का सन 2016 में कम उम्र में ही आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर पूरा नौतनवा विधान सभा गमगीन हो गया था।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐसे प्रतिभावान तथा सरल व्यक्तित्व के धनी स्व0 अजय पाण्डेय की 6वी पुण्यतिथि उनके आवास पर पूर्व मंत्री 'श्याम नारायण तिवारी, नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डू खान, नौतनवा विधायक की धर्मपत्नी ओशीन मणि त्रिपाठी तथा स्व0 पाण्डेय के छोटे भाई संजय



पाण्डेय की देखरेख में बड़े ही सादगी के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का प्रारम्भ मृतक आत्मा के चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्प अर्पित कर किया गया तथा उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने उक्त मृतक आत्मा की शांत्ति हेतू दो मिनट का मौन रखा।इस 6वी पुण्यतिथि अवसर पर पूर्व मंत्री ने रुँधे गले से दिवंगत आत्मा की शांति हेतू प्रार्थना किया तथा स्व0 पाण्डेय को अपने परिवार के लिए खेवनहार बताया।पालिका अध्यक्ष ने बताया कि ष्स्व0 पाण्डेय ने अपने परिवार के लिए जो सामाजिक तानाबाना बुना था उसे उनके छोटे भाई संजय पाण्डेय बखूबी निभाते आ रहे है परमपिता परमेश्वर से ये दुआ करते है कि ऐसा भाई हर परिवार को दे।श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि ष्स्व0 पाण्डेय के असमय चले जाने से समाज मे जो शून्यता आई है उसकी भरपाई नामुमकिन है।इस अवसर पर दिवाकर राय,अमन शुक्ला, पुजारी शुक्ला,ओमप्रकाश चौधरी, झिनकू चौबे,उपेन्द्र सिंह, महबूब आलम, शाहनवाज खान,विवेक शुक्ला,नशरूदीन बाबा, जितेन्द्र गौतम,सोमनाथ पाण्डेय,सुबराती प्रधान,गणेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### सपा लोहिया वाहिनी के जिला सचिव मनोनीत किए गए प्रतीक

गोरखपुर ! गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्र नेता प्रतीक त्रिपाठी को समाजवादी लोहिया वाहिनी गोरखपुर कमेटी का जिला सचिव समाजवादी लोहिया वाहिनी गोरखपुर के जिलाध्यक्ष गविश दुबे जी द्वारा नामित किया गया! इस मनोयन पर जिला सचिव प्रतीक त्रिपाठी का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया ! समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव व लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर रामकरण निर्मल एवं जिलाध्यक्ष गविश दुबे को प्रतीक त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी ने यह संकल्प लिया है कि 2022 में समाजवादी की सरकार बनाकर रहेंगें !

## चिल्लूपार के विधायक ने किया श्री राम जानकी मुख्य द्वार का उद्घाटन



दैनिक बुद्ध का संदेश
गोला / गोरखपुर। गोला तहसील क्षेत्र के पोहिला गांव में अप्रवासी भारतीय सत्य प्रकाश तिवारी के द्वारा श्री राम जानकी मुख्य द्वार का निर्माण कराया गया है जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक विनय शंकर तिवारी ने विधि विधान से फीता काटकर किया। इसके पश्चात श्री तिवारी ने अपवासी भारतीय श्री तिवारी का इस नेक कार्य के लिए सराहना किया। और आगे कहा कि ऐसे समाजसेवी जो अप्रवासी भारतीय होते हुए सिंगापुर में रहकर भी इन्होंने धार्मिक कार्यों में आस्था और विश्वास रखते हुए गांव को सुंदर बनाने में दिलचस्पी लिया है। अप्रवासी भारतीय श्री तिवारी ने कहा कि 1970 में जब मैं भारत आया तो यहा की शिक्षा को ग्रहण किया और माता गायत्री के प्रति मेरा पूर्ण विश्वास है कि किसी भी कठिन परिस्थिति में माता ने हमें उबारा है। क्षेत्र के लोगों ने इनके कार्य से उत्साहित है।इस अवसर पर धीरज दुबे अंकित तिवारी राहुल तिवारी गोरख नाथ तिवारी पिंटू यादव नीलेश तिवारी अमन दुबे हरि नारायण तिवारी हरिदत्त शर्मा विकास तिवारी सभी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 'इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगे नागरिक सुरक्षा के वार्डेन'



गोरखपुर। नागरिक सुरक्षा के वार्डेन इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस पर उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित परेड के हिस्सा बनेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए उपनियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह एवं चीफ वार्डन डा. संजीव गुलाटी ने बताया कि परेड कमांडर डा. आशीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में 6 जनवरी से ही परेड का नियमित अभ्यास चल रहा है। परेड में 24 वार्डन, रेस्क्यू टीम में 16 और अतिरिक्त टीम मे 10 वार्डन को शामिल किया गया है। कड़ाके की ठंड में भी वार्डेन पूरे जोश के साथ रिहर्सल में भाग ले रहे हैं। दिनांक 24 जनवरी को ग्रैंड रिहसल और 26 जनवरी को फाइनल परेड होगा। परेड में शामिल वार्डेनों का वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक वेद प्रकाश यादव, सहायक उप नियंत्रक बनवारी लाल, डिप्टी चीफ वार्डेन की डा. शरद श्रीवास्तव, डिविजनल वार्डन सिविल लाइंस अखिलेश ओझा, मुख्य अवैतनिक स्टाफ ऑफिसर महबूब सईद, मुख्य स्टाफ ऑफिसर राम कृष्ण मिश्रा, स्टाफ ऑफिसर सुरेश गुप्ता, संतोष श्रीवास्तव, डिविजनल वार्डन नगर स्तर नैय्यर आलम, डिविजनल वार्डन गोरखनाथ राजेश चंद चौधरी, डा. उमेश चंद श्रीवास्तव, डा. विजय श्रीवास्तव के द्वारा नियमित उत्साह वर्धन किया जा रहा है।

# सम्पादकीय

**करोड़ों की संख्या में लोगों की नौकरियां कोरोना संकट में गई हैं और बड़ी संख्या में लोगों के वेतन में कटौती की गई है। पहली बात तो यह कि देश की आर्थिक स्थिति को कोरोना से पहले वाली स्थिति में लाये जाने की चुनौती है। ताकि देश में व्याप्त आर्थिक विषमता को दूर किया जा सके। कहा जा सकता है कि देश में आर्थिक सुधारों का ...**

## निवेश का न्यौता

विश्व आर्थिक मंच की दावोस में आयोजित बैठक में दुनिया के संपन्न देशों के निवेशकों को भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती की झलक दिखाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें निवेश के लिये आमंत्रित किया है। उन्होंने दुनिया को भरोसा दिलाया कि देश कोरोना संकट से उबरकर तेज गति वाली आर्थिक व्यवस्था में कदम रख रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने आर्थिक सुधारों के जरिये वैश्विक कारोबार का संरचनात्मक ढांचा मजबूत बनाया है। साथ ही स्वीकारा कि कोरोना संक्रमण जरूर बढ़ा है लेकिन देश का मिजाज सकारात्मक है, जो सही मायनों में निवेश का बेहतर समय है। प्रधानमंत्री ने बताया कि सरकार व्यापार व उद्योग के अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में काफी आगे बढ़ी है जिसमें औद्योगिक विवादों को खत्म करके कानूनों को कारोबार के अनुकूल बनाया गया है। कॉरपोरेट कर में कमी की गई है। ये स्थितियां भारत में विश्व आपूर्ति शृंखला का विकल्प मुहैया कराती हैं। दरअसल, राजग सरकार की कोशिश है कि वैश्विक संकट व चीन से कूटनीतिक व कारोबारी टकराव से उत्पन्न हालात में जो कंपनियां चीन छोड़कर जा रही हैं, उन्हें भारत आमंत्रित किया जाये। भारत का लोकतांत्रिक स्वरूप व सस्ता श्रम इसके लिये आकर्षण का काम कर सकता है। इसके अलावा भारतीय मेधा दुनिया के तमाम देशों में अपनी प्रतिभा के झंडे गाड़ रही है। दरअसल, विगत में सरकार कई विकसित देशों की कंपनियों के साथ समझौते करके इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद मसलन सेमीकंडक्टर आदि क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करती रही है, जिससे कोरोना संकट के चलते बाधित वैश्विक आपूर्ति शृंखला को मजबूती दी जा सके। सरकार आगामी दशकों के लिये दूरगामी रणनीति बना रही है जिसके लिये वह आर्थिक सुधारों को भी गति देने की मंशा रखती है। निस्संदेह, विदेशी निवेश हासिल करने के लिये यह अनिवार्य शर्त भी है। राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ जरूरी है कि देश में कारोबार के लिये अनुकूल परिस्थितियां बनें। नौकरशाही का दखल कम हो तथा नये उद्योगों को लगाने में लालफीताशाही आड़े न आये। निस्संदेह, कोरोना संकट के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के लिये नया निवेश व रोजगार के अवसर बढ़ाने की जरूरत है। लेकिन उससे बड़ी चुनौती देश में बढ़ती आर्थिक असमानता है। यूं तो यह वैश्विक प्रवृत्ति है लेकिन भारत का संकट बड़ा है। विश्व आर्थिक मंच में ऑक्सफैम की एक रिपोर्ट बताती है कि देश में 2020 में कोरोना महामारी के बाद से बीते साल नवंबर तक देश के साढ़े चार करोड़ लोग गरीबी की दलदल में धंस गये। लेकिन विडंबना यह है कि देश में अमीर और अमीर हुए हैं। इस दौरान देश में अरबपतियों की संख्या में चालीस का इजाफा हुआ। अब भारत पूरी दुनिया में अरबपतियों की संख्या की दृष्टि से तीसरे नंबर पर है। यही नहीं, उनकी कुल संपत्ति दुगुनी से ज्यादा हो गई। विदेशों में अरबपति अधिक हैं लेकिन वहां गरीबी की दलदल इतनी गहरी नहीं है। विषमता का स्तर इतना अधिक नहीं है। यह आर्थिक असमानता कालांतर सामाजिक असंतोष के चलते कानून–व्यवस्था का संकट भी पैदा कर सकती है। यह चिंताजनक ही है कि देश की आधी से अधिक राष्ट्रीय आय सिर्फ दस फीसदी लोगों के हाथों में है। विसंगति यह कि शेष पचास फीसदी आबादी के हिस्से में सिर्फ तेरह फीसदी राष्ट्रीय आय है। विडंबना यह है कि देश के मध्यम व निम्न मध्यम वर्ग की आय का भी संकुचन हुआ है। वहीं रोज कमाकर खाने वाले वर्ग की स्थितियां तो और विकट हुई हैं। तमाम छोटे उद्योग–धंधे बंद हुए हैं।

# कविता

## नेता जी

ऐसे नेता, वैसे नेता !
आज हैं कैसे– कैसे नेता ।।

किसिम– किसिम के रंग–बिरंगे,
पक्के नेता, कच्चे नेता ।।

गली– गली में टहल रहे हैं,
कुछझूठे, कुछ सच्चे नेता ।।

दल– दल में पल कर बनते हैं,
नेताओं के बच्चे नेता ।।

अब तो मुश्किल से मिलते हैं,
पहले जैसे अच्छे नेता ।।

नेताजी थे देश के गौरव !
आज कहाँ हैं ऐसे नेता।।



**सिद्धार्थनगर।**
**नियाज कपिलवस्तुवी/**
**दैनिक बुद्ध का संदेश**

# समाज हित में सकारात्मक नतीजे की उम्मीद

**इन संगठनों की दलील है कि पत्नी के साथ किसी प्रकार के भेदभाव का मुद्दा नहीं है बल्कि संसद ने तो भारतीय समाज के व्यापक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए ही इस अपवाद को कानून की किताब में रखा है। उम्मीद है कि विवाहित महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत महिला संगठनों व प्रगतिशील विचारकों और इसका विरोध कर रहे पुरुषों के संगठन की दलीलों के मंथन से निश्चित ही कोई न ...**

अनूप भटनागर

इस समय पत्नी की मर्जी के बगैर उससे संसर्ग को अपराध घोषित करने की मांग और संबंधित कानूनी अपवाद का मुद्दा चर्चा में है। इससे संबंधित कानूनी प्रावधान की संवैधानिक वैधता पर दो–दो उच्च न्यायालय विचार कर रहे हैं। यह कानूनी प्रावधान भारतीय दंड संहिता की धारा 375 में प्रदत्त अपवाद–दो है। यह अपवाद संसर्ग संबंध में पत्नी को एक तरह से पति के अधीन करता है और यह पत्नी की इच्छा–सहमति के विरुद्ध उसके साथ जबरन सहवास को बलात्कार के अपराध से बाहर रखता है।

भादंसं की धारा 375 में प्रदत्त यह अपवाद लंबे समय से विवाद का मुद्दा बना हुआ है और कई महिला संगठन वैवाहिक जीवन में पति को प्रदान किया गया यह विशेषाधिकार समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। विभिन्न संगठनों का यही तर्क है कि वैवाहिक जीवन में पति और पत्नी को कानून में समान अधिकार प्राप्त हैं तो फिर यौनाचार के संबंध में यह भेदभाव क्यों? दलील दी जा रही है कि यह अपवाद महिलाओं के गरिमा के साथ जीने के अधिकार का हनन करता है।

हालांकि, पत्नी की मर्जी के बगैर उससे संसर्ग को बलात्कार के अपराध के दायरे में शामिल करने और इस अपवाद को खत्म करने के सवाल पर अभी तक कोई सुविचारित न्यायिक व्यवस्था नहीं है। लेकिन अब इस विषय पर गुजरात उच्च न्यायालय के साथ ही दिल्ली उच्च न्यायालय भी विचार कर रहा है।

इस मामले की सुनवाई के दौरान तर्क दिया गया है कि हमारे देश का बलात्कार से संबंधित कानून यौन कर्मियों से भी जबरन यौनाचार या सहवास को अपवाद नहीं मानता है और उसे भी संसर्ग के लिए सहमति देने से इंकार का अधिकार प्राप्त है। ऐसी स्थिति में वैवाहिक जीवन में पत्नी को संसर्ग के लिए सहमति देने से इंकार करने के अधिकार से कैसे वंचित किया जा सकता है या उसके साथ जबरन यौनाचार को अपवाद की श्रेणी में रखना किस तरह से उचित है।

केन्द्र सरकार ने इससे पहले न्यायालय में दाखिल एक हलफनामे में वैवाहिक जीवन में पत्नी से जबरन संसर्ग को अपराध की श्रेणी में रखने से इंकार कर दिया था क्योंकि उसका विचार था कि ऐसा करने से वैवाहिक संस्था अस्थिर होगी और पतियों को परेशान करने के हथियार के रूप में इसका इस्तेमाल हो सकता है।

लेकिन, लगातार बढ़ते दबाव के मद्देनजर इस संवेदनशील विषय पर लंबी टालमटोल के बाद अनमने ढंग से ही सही, लेकिन केंद्र सरकार अब हरकत में आयी है। केंद्र का कहना है कि इस विषय पर प्रधान न्यायाधीश, उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों, राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अन्य हितधारकों से सुझाव मांगे गए हैं। केंद्र ने हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि वह बलात्कार के अपराध से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धारा 375 में संशोधन पर विचार कर रही है। लेकिन उसने यह स्पष्ट नहीं किया है कि क्या पत्नी की मर्जी के बगैर उसके साथ यौनाचार को भी अब बलात्कार की श्रेणी में शामिल किया जाएगा या नहीं। केन्द्र के अनुसार सरकार आपराधिक कानून में व्यापक संशोधन पर विचार कर रही है और इसमें बलात्कार से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धारा 375 भी शामिल है। सरकार का कहना है कि पेश मामले पर सरकार एक रचनात्मक दृष्टिकोण अपना रही है और उसने प्रधान न्यायाधीश, राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों, बार काउंसिल, सांसदों और दूसरे हितधारकों से सुझाव मांगे हैं। सरकार ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि आखिर रचनात्मक दृष्टिकोण क्या है। लेकिन इस रूपरेखा से नहीं लगता है कि वह निकट भविष्य में धारा 375 के अपवाद–दो को कानून की किताब से निकालने की जल्दी में है। इस प्रक्रिया की समय सीमा भी स्पष्ट नहीं है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता राज शेखर राव को न्याय मित्र नियुक्त कर रखा है। राव का तर्क है कि धारा 375 की बुनियाद ही सहमति के बगैर संसर्ग पर आधारित है और इसलिए विवाहित महिला के साथ उसकी सहमति के बगैर सहवास के खिलाफ उसे कम संरक्षण प्रदान करने की कोई वजह नजर नहीं आती है। उनका यही कहना है कि धारा 375 में प्रदत्त अपवाद–दो मनमाना है और यह संविधान में प्रदत्त समता और गरिमा के साथ जीने के अधिकार से संबंधित अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन करता है। धारा 375 के अपवाद–दो को समाप्त करने के लिए गैर–सरकारी संगठन आरआईटी फाउंडेशन, ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक विमेंस एसोसिएशन और अन्य ने याचिका दायर कर रखी है। इस प्रावधान को समाप्त करने के लिए दायर याचिका का विरोध करते हुए पुरुषों के कुछ संगठन भी मैदान में उतर आए हैं। इन संगठनों की दलील है कि पत्नी के साथ किसी प्रकार के भेदभाव का मुद्दा नहीं है बल्कि संसद ने तो भारतीय समाज के व्यापक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए ही इस अपवाद को कानून की किताब में रखा है। उम्मीद है कि विवाहित महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत महिला संगठनों व प्रगतिशील विचारकों और इसका विरोध कर रहे पुरुषों के संगठन की दलीलों के मंथन से निश्चित ही कोई न कोई ऐसा सकारात्मक नतीजा सामने आएगा जो समाज के हित में होगा।

# बाजार की बड़ी कंपनियों से बचाएं किसान को

**कनाडा की राष्ट्रीय कृषि यूनियन को यह भी रोष था कि 2005 में मिलने वाली कीमतें 1930 के दशक में आई महामंदी के वक्त रहे मूल्यों से कहीं कम हैं। वह भी ऐसे समय पर जब विश्वभर की आर्थिकी, स्टश्वक मार्केट, व्यापार में विस्मयकारी उछाल हुआ हो और खाद्यान्न उत्पादन भी रिकश्वर्ड तोड़ हो। इसमें कृषि–संकट का हल निकालने को 16 सूत्रीय पैकेज में उपाय सुझाए गए थे, सूची में ...**

देविंदर शर्मा

भारतीय नीति–निर्माताओं ने अमेरिकी कृषि नीतियों के अनुरूप बनी बाजार व्यवस्था की असफलता और यहां तक कि तीन विवादित कृषि कानूनों को रद्द करने से भी सीख नहीं ली है, कीमतों का निर्धारण श्मांग–आपूर्ति संतुलन वाले सिद्धांत्य से होता है, यही दोहरा रहे हैं। जबकि अनुभव बताता है कि उपरोक्त बाजार व्यवस्था में, उत्पाद के भाव में उतार–चढ़ाव अमेरिकी किसानों की सम्मानजनक आजीविका सुनिश्चित करने में असफल रहा है, अब बारी पशुपालकों की है।

यहां तक कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी इस विद्रूपता को स्वीकार किया है जब उन्होंने कहा, श्पचास साल पहले खुदरा दुकान से बीफ खरीदने में चुकाए गए प्रत्येक डॉलर से पशुपालक के हिस्से 60 सेंट आते थे। आज वह घटकर 39 सेंट रह गया है। ऐसे ही उस वक्त सूअर–पालक को उपभोक्ता के हर डॉलर से 48–50 सेंट पहुंचते थे, जो फिलहाल लगभग 19 सेंट है। दूसरी ओर बड़ी कंपनियां भारी मुनाफा बना रही हैं।य जबकि अमेरिकी कृषि विभाग का अनुमान है कि आने वाले सालों में बीफ की खुदरा कीमत में 21 प्रतिशत, सूअर–गोश्त में 17 फीसदी तो मुर्गे के मीट में 8 प्रतिशत औसतन मूल्य वृद्धि होती रहेगी।

राष्ट्रपति बाइडेन ने आगे कहा , श्कंपनियों का मुनाफा बढने के साथ–साथ अंतिम विक्रय बिंदु पर उत्पाद की कीमत में वृद्धि होती गई, किंतु मंडी में किसान को मिलने वाला मूल्य घटता चला गया।य इसको आगे विस्तार देते हुए अमेरिकी कृषि विभाग के सचिव टॉम विल्सेक ने अपने ट्वीट में कहा श्इन गर्मियों में मेरी भेंट आयोवा प्रांत के किसानों से हुई, जिन्हें मांस प्रसंस्करण इकाइयों को बेचे अपने प्रत्येक पशु पर 150 डॉलर का घाटा उठाना पड़ा, जबकि उसी उद्योग ने एक जानवर का मांस बेचकर 1800 डॉलर का मुनाफा बनाया। कल्पना करें कि मांस प्रसंस्करण करने वाली कंपनियां किसान की आमदनी मारकर किस मात्रा में लाभ कमा रही हैं।य

भारत में, हम अक्सर आढ़तियों और व्यापारियों पर बतौर बिचौलिए मुनाफाखोरी का इल्जाम लगाते आए हैं, लेकिन अमेरिका के मांस उद्योग के 85 प्रतिशत हिस्से पर काबिज चार बड़ी कंपनियां असल में इनसे कहीं ज्यादा बड़े बिचौलिए हैं, जिनकी प्रवृत्ति बड़ी शार्क मछली सरीखी है। भारत में भी, बड़ी कंपनियां, जो उक्त शार्कों से कम नहीं, उनकी आमद मंडी व्यवस्था में सही ठहराने की खातिर आढ़तियों को निशाने पर लिया जा रहा है। यह ठीक है कि बिचौलियों पर नियंत्रण–अंकुश बनाने की आवश्यकता है लेकिन अमेरिकी अनुभव बताता है कि मांस उद्योग को सुदृढ़ करने की सोच से अपनाए उपाय वास्तव में जहां मंडी का नियंत्रण चंद बड़ी कंपनियों के हाथ में होने का जरिया बने, वहीं पशुपालक किसान की आजीविका दूभर करते गए। पिछले सालों के दौरान, मांस की खुदरा कीमतों में सिलसिलेवार कमी आने से पशुपालक किसानों की पीढियां इस व्यवसाय से किनारा करती गईं। जैसे–जैसे यह ग्रामीण तबका लुप्त होता गया वैसे–वैसे श्खेत से प्लेट्य वाला प्रयोग केवल उद्योग आधारित कृषि को ही बढ़ावा देने में सहायक होता गया।

अमेरिकी कृषि नीति की यह असफलता श्मुक्त मंडी व्यवस्थाय से किसानों की बर्बादी का मुंह बोलता उदाहरण है। तुर्रा यह कि इस तथ्य को अभी भी नकारा जा रहा है कि बहुचर्चित श्मांग–आपूर्ति सिद्धांत्य पशुपालक किसानों की आमदनी सुनिश्चित करने में असफल रहा है। यही कुछ पहले डेरी उद्योग के साथ हो चुका है। खेत से लेकर खुदरा बाजार तक सप्लाई चेन को इसी तरह श्सुदृढ्य किया जा रहा है। वास्तव में, केंद्रीकरण होने से एकाधिकार बनता है और चंद कंपनियों का गुट, उत्पादक एवं उपभोक्ता, दोनों का बेदर्दी से दोहन करता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा अपना हिस्सा हड़पते देख अमेरिकी राष्ट्रीय किसान यूनियन अब श्किसानों को न्याय्य नामक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाए हुए है ताकि कॉर्पोरेट कंपनियों का एकाधिकार खत्म कर एंटी–ट्रस्ट कानून का पालन बेहतर कड़ाई से हो सके।

अमेरिकी सरकार की प्रतिक्रिया में, राष्ट्रपति बाइडेन ने चंद बड़े खिलाडियों द्वारा वस्तु–कीमत ऊंची बनाए रखने वाले खेल पर नकेल कसने का आह्वान किया है। इसकी शुरुआत सरकार ने छोटी मांस प्रसंस्करण इकाइयों को 1 बिलियन डॉलर मुहैया करवाकर की है ताकि स्थानीय इकाइयां महाकाय कंपनियों को टक्कर दे सकें। बेशक यह उपाय सर्वोत्तम नहीं है, किंतु कम–से–कम यह स्वीकारोक्ति जरूर है कि कॉर्पोरेट एकाधिकार आपूर्ति के दोनों छोर –उत्पादक और उपभोक्ता– का किस कदर दोहन कर रहा है। हालांकि बेहतर हल है, कृषि उत्पाद और पशुधन को न्यूनतम मूल्य की गारंटी सुनिश्चित करना। आय समानता बनाने की मांग को लेकर वर्ष 1979 में राजधानी वाशिंगटन में किसानों का विशाल ट्रैक्टर विरोध इसीलिए था। भारतीय किसान भी न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी कानूनन सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं, ताकि मंडी में कोई भी खरीद इस कीमत से कम पर न होने पाए। इसी तरह यूरोप में भी किसान अपने लगातार जारी संकट से निजात पाने को गारंटिड न्यूनतम उचित मूल्य की मांग बार–बार करते आए हैं। पिछले कुछ सालों से खेती से लगातार घटती आय की वजह से ही वैश्विक कृषि संकट बना है। इसका उदाहरण वर्ष 2005 है, जब कनाडा की राष्ट्रीय किसान यूनियन ने श्कृषि संकट रू कारण एवं निदानय नामक विस्तृत रिपोर्ट पेश की थी। इसमें विगत 20 साल (1985–2005) के दौरान दुनियाभर में व्याप्त अभूतपूर्व खेती संकट के पीछे कारण गिनाए थे। यह ठीक वही थे जिन्हें यूएनसीसीएडी ने भी अपने अध्ययन में स्वीकार किया था कि विश्वभर में उत्पाद की कीमत, मुद्रास्फीति जोडने के बाद, पिछले 20 सालों से जस–की–तस रही है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि यूरोप में अपनाई गई उच्च नियंत्रणों वाली कृषि–आर्थिक नीतियों और ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटाइना की अपेक्षाकृत कम नियंत्रण वाली, किंतु इतनी ही मारक नीतियों ने कृषि संकट को गहराया ही है।



## गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन आरापितों को तीन वर्ष की कैद

देवरिया। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के मुसहरी में 16 वर्ष पूर्व हुई हत्या के मामले में फैसला आ गया। अपर सत्र न्यायाधीश रजनीश कुमार की अदालत ने गैर इरादतन हत्या में दोषी पाए जाने पर तीन आरोपितों को तीन वर्ष की कैद व अर्थ दंड से दंडित किया है। अपर शासकीय अधिवक्ता मनीष कुमार सिंह ने बताया कि 21 अप्रैल 2005 को मुसहरी के रहने वाले चंद्र मोहन सिंह के पिता रामविलास सिंह शराब पीने के लिए गांव के पूरब तवकलपुर की तरफ गए थे। शराब पीने को लेकर गांव के रामजन्म सिंह से कहासुनी हो गई। इतने में रामजन्म सिंह के लड़के पन्ने लाल, वीरेंद्र व उदयभान कुशवाहा रामविलास सिंह की पिटाई कर दी। अस्पताल ले जाने से पहले ही रामविलास की मृत्यु हो गई। चंद्र मोहन की तहरीर पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया। उभय पक्ष के तर्क और साक्ष्यों के अवलोकन के पश्चात अदालत ने पाया कि पन्ने लाल, वीरेंद्र व उदयभान कुशवाहा को गैर इरादतन हत्या में दोषी हैं। जिसके बाद अदालत ने तीनों आरोपितों को तीन वर्ष की कठोर कैद की सजा सुनाई।

## ट्रक चालक से लूट की सूचना पर हलकान रही पुलिस

देवरिया। बरहज के करुअना के समीप देवरिया से बरहज जा रहे एक ट्रक चालक को असलहा लगाकर बाइक सवार बदमाशों ने 45 हजार रुपये लूट लिया और फरार हो गए। चालक की सूचना पर पहुंची भलुअनी व बरहज पुलिस ने जांच की और चालक से पूछताछ की। हालांकि तहरीर न मिलने के चलते पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। करुअना चौराहे पर ट्रक चालक कुछ लोगों से होटल पूछने लगा। इस बीच तीन युवक आए और होटल ले जाने की बात कहते हुए देवरिया की तरफ ले जाने लगे। चालक का आरोप है कि कुछ ही दूर चला था कि युवकों ने उसे असलहा लगा लिया और उसके पास मौजूद 45 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। चालक की सूचना पर भलुअनी थानाध्यक्ष मुकेश मिश्र व प्रभारी निरीक्षक बरहज टीजे सिंह पहुंचे और पूछताछ की। थानाध्यक्ष भलुअनी मुकेश मिश्र ने बताया कि लूट की सूचना पर गए थे। चालक नशे की हालत में था। जगह–जगह चेकिग भी की गई, लेकिन कोई नहीं मिला। इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

## ट्राली चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने दबोचा

बरहज के तेलिया शुक्ल से एक व्यक्ति के दरवाजे से चोरी गई ट्राली के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को दबोच लिया। पूछताछ के बाद तीनों आरोपितों को जेल भेज दिया। मऊ जनपद के मधुबन थाना क्षेत्र के चक्की मूसाडोही के रहने वाले रामकेवल यादव ने पुलिस से चार दिन पूर्व शिकायत की थी, जिसमें आरोप लगाया था कि तेलिया शुक्ल में उनकी ट्राली एक व्यक्ति के दरवाजे पर खड़ी थी, 15 जनवरी को उनकी ट्राली गायब हो गई। मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच में जुटी पुलिस को मुखबिर ने बताया कि 65 हजार रुपये में बरहज में एक कबाड़ी के यहां ट्राली बेच दी गई है। सूचना के बाद पुलिस ने कबाड़ी को हिरासत में ले लिया और पूछताछ की। जिसमें उसने ट्राली खरीदने की बात कही। पुलिस ने कबाड़ी बिदेश्वरी जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया। कबाड़ी के निशानदेही पर पुलिस ने तेलिया कला के मंटू व चक्की मूसाडोही के धनंजय को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद तीनों को पुलिस ने जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक टीजे सिंह ने कहा कि तीनों आरोपितों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

## विवाद का राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम करेगी निस्तारण

देवरिया। आबादी समेत अन्य भूमि के विवाद का निस्तारण अब अब राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर किया जाएगा। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को इसका सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने बताया कि भूमि संबंधी विवाद विशेषकर आबादी आदि निस्तारण के लिए सीधे थानाध्यक्ष को उप जिलाधिकारी द्वारा दिया जाता है। जिसके चलते विवादों का निस्तारण सही ढंग से नहीं हो पाता है और समस्या बढ़ता चला जाता है। अब भूमि विवाद से संबंधित मामलों के लिए उप जिलाधिकारी पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन करेंगे और उसका निस्तारण कराएंगे। निस्तारण की तीन प्रति बनेगी और एक कापी तहसील, दूसरा थाने में व तीसरा कापी ग्राम पंचायत के पास होगी। पुनरू विवाद होने पर उसका संज्ञान लिया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।

## चुनाव खर्च के लिए खोलना होगा अलग बैंक खाता

महराजगंज। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने विधानसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को अपने चुनाव खर्च के समस्त भुगतान के लिए अलग बैंक खाता खोलने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि ये बैंक खाते अधिकतम नामांकन पत्र दाखिल करने से एक दिन पूर्व खुल जाना चाहिए। चुनाव खर्च के उद्देश्य से बैंक खाता अभ्यर्थी के नाम से या निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त नाम से खोला जा सकता है। अभ्यर्थी द्वारा समस्त निर्वाचन व्यय केवल इसी बैंक खाते से किया जाएगा।

## फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची मऊ की टीम

महराजगंज । घुघली स्थित लाला केशरराम नारंग क्षेत्रीय क्रीड़ांगन में आयोजित पं कमलाकांत मिश्र अंतरराज्यीय फुटबाल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच में घुघली और मऊ के बीच खेला गया। जिसमें मऊ की टीम ने दो–एक की बढ़त के साथ फाइनल मैच में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। मैच के शुरुआती समय में ही मऊ की टीम ने पेनाल्टी के जरिये एक गोल की बढ़त ले ली उसके बाद दोनों टीमों के बीच काफी संघर्षपूर्ण मैच खेला गया। घुघली की टीम ने काफी आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। दूसरे हाफ के अंतिम दौर के खेल में घुघली की टीम ने एक गोल किया तथा बराबरी के लिए अंतिम क्षणों तक काफी संघर्ष किया। परिणाम स्वरूप मऊ की टीम एक गोल से विजय हासिल कर फाइनल मैच में अपना स्थान सुरक्षित का लिया। प्रथम मैच का उद्घाटन प्रमुख संघ के अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ल व दूसरे मैच का गोरखपुर के वरिष्ठ व्यवसायी आशीष मणि त्रिपाठी ने किया। मैच के मुख्य निर्णायक रहमतुल्लाह व सह निर्णायक सुरेश रावत व केशव जायसवाल रहे। आयोजक अभिनव मिश्र, शिक्षक चंद्रमौली मिश्र, मोती जायसवाल, दिवाकर तिवारी, मान सिंह, अरविद कश्यप, सुजीत जायसवाल, वकील उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# कोरोना संक्रमित एक व्यक्ति की मौत, 113 में संक्रमण की पुष्टि

देवरिया। जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है। रात जिले के कोल्हुआ गांव के रहने वाले 37 वर्षीय सत्येंद्र सिंह की एसजीपीजीआइ में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह बीमार थे। वह इलाज कराने गए थे, वहीं कोरोना जांच में उनकी रिपोर्ट पाजिटिव आई। इसके साथ ही जिले में कोरोना से मरने वालों की संख्या अब 224 हो गई है। आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 113 की रिपोर्ट पाजिटिव व 2456 की रिपोर्ट निगेटिव आई है। एक्टिव केस की संख्या अब 571 हो गई है। संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ने के बावजूद लोगों मास्क और शारीरिक दूरी का पालन नहीं कर रहे हैं। पाजिटिव आए लोगों में रोडवेज गोरखपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक, मेडिकल कालेज के दो डाक्टर, जिला कारागार के वार्डन, स्टाफ नर्स आदि शामिल हैं। आरएम देवरिया विभागीय कार्य से आए थे। इस दौरान उन्होंने कोरोना जांच कराया था। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सभी पाजिटिव आए लोगों का नाम, पता ट्रेस कर उन्हें दवा इलाज उपलब्ध कराने के साथ ही उनके संपर्क में आए लोगों की सैंपलिग कराने में जुटे हैं। आयुष विभाग में तैनात एक डाक्टर के पाजिटिव आने के बाद तैनात डाक्टरों ने अस्पताल प्रशासन पर आरोप लगाया है कि कोरोना को लेकर आयुष विभाग में सुरक्षा के इंतजाम के उपाय नहीं किए गए हैं। जिसकी वजह से यहां खतरा बरकरार है। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने बताया कि आज एसजीपीजीआइ में भर्ती एक कोरोना संक्रमित की मौत हुई है। 113 लोग पाजिटिव आए हैं। सभी होम क्वारंटाइन में हैं। सभी को दवा इलाज मुहैया कराया जा रहा है।

# ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

महराजगंज। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र महराजगंज के तत्वाधान में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन स्वामी विवेकानंद युवा मंडल रघुनाथपुर में स्थित शांति देवी पब्लिक हाईस्कूल के क्रीड़ा प्रांगण में हुआ।

बतौर मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र साहनी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बालीबाल में युवा मंडल खालिकगढ़ ने हरैया रघुवीर युवा मंडल को हराकर विजेता बनी। कबड्डी में युवा मंडल लक्ष्मीपुर रघुनाथपुर को हराकर खिताब पर कब्जा किया। महिला वर्ग खो–खो में रानी लक्ष्मीबाई क्लब रघुनाथपुर टीम मल्हनी फुलवरिया को हराकर विजेता बनी।

लेखाकार वीरेंद्र प्रताप सिंह, राज्य प्रशिक्षक राकेश पटेल, गिरजेश यादव, मीना मद्धेशिया, महेंद्र निषाद, भास्कर त्रिपाठी, संजय पांडेय, वीरेंद्र यादव, अक्षय कुमार साहनी, अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिया गया ईवीएम का प्रशिक्षण

महराजगंज। नौतनवा, पनियरा व फरेंदा विधानसभा क्षेत्रों के जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस दौरान उन्हें ईवीएम व वीपीपैट के बारे में जानकारी दी गई। डीएम ने सत्येंद्र कुमार ने कहा कि सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट ईवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिग मशीन) और वीवीपैट (वोटर वेरीफिकेशन पेपर आडिट ट्रेल) के चलाने के बारे में अच्छी तरह समझ लें। सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट चुनाव में नियमों को लेकर बेहद सतर्क रहें, ताकि किसी भी प्रकार के विवाद से बचा जा सके। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट रिपोल की संभावनाओं को टालने के लिए चुनाव के प्रत्येक पहलू का बारीकी से अध्ययन कर लें। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव से पहले की गई मेहनत से हम चुनाव के दौरान एवं उसके बाद होने वाले विवादों से बच सकते हैं। इससे पहले सीडीओ गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा कि पोलिग पार्टी की पूरी जिम्मेदारी सेक्टर मजिस्ट्रेट की है। पीठासीन अधिकारी की शंकाओं के समाधान के लिए भी प्रथमतरू सेक्टर मजिस्ट्रेट ही उत्तरदायी होंगे। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट ईवीएम के संदर्भ में प्रत्येक जानकारी विशेषकर नए नियमों को अच्छी तरह समझ लें ताकि चुनाव के दौरान कोई बाधा न उत्पन्न हो। एडीएम डा. पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि पोस्टल बैलेट सुविधा का विस्तार किया गया है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट इस संदर्भ में अपने दायित्वों को अच्छी तरह समझते हुए आवश्यक तैयारियां कर लें। परियोजना निदेशक राजकरन पाल ने कहा कि यह चुनाव कोविड प्रोटोकॉल के अंतर्गत संपन्न कराया जाएगा। इसलिए सभी बूथ पर कोविड हेल्पडेस्क, शारीरिक दूरी की व्यवस्था रहे और मास्क के साथ ही मतदाताओं को बूथ में प्रवेश दिया जाए। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने पीठासीन अधिकारियों के निरंतर संपर्क में रहें। इस बार चुनाव प्रक्रिया में नियमों में कुछ संशोधन हुए हैं, इनको सभी लोग जान लें। प्रशिक्षण में सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 1986705 लोगों को कोविड का फर्स्ट डोज टीकाकरण हुआ

**बस्ती।** जिलाधिकारी श्रीमती सौम्या अग्रवाल ने कहा है कि जिले में 1986705 लोगों को कोविड का फर्स्ट डोज टीकाकरण कराकर 99.56 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल कर प्रदेश में 21वी रैंक प्राप्त किया है। जूम माध्यम से अधिकारियों की बैठक में उन्होने निर्देश दिया है कि अगले दो दिनों में सभी लोगों को प्रथम डोज टीका लगाकर शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। उन्होने बताया कि जिले में 1241372 लोगों को सेकेण्ड डोज तथा 10339 प्रिकाशन डोज लगाया गया है। उन्होने निर्देश दिया है कि 14 प्लस किशोरो की लगभग 55000 छूटे हुए किशोरो की सूची तैयार करें तथा उनका भी टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार सेकेण्ड डोज के ड्यू लोगों की सूची तैयार करें। उन्होने प्रिकाशन डोज टीका लगवाने के लिए विशेष जोर दिया तथा निर्देश दिया कि सभी हेल्थवर्कर एवं राजस्व, विकास, पुलिस विभाग के फ्रंटलाइन वर्कर जिनको दूसरा डोज लगे हुए 09 माह हो गये है, को प्रिकाशन डोज लगवाना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देश दिया है कि कोरोना पॉजिटिव पाये गये प्रत्येक केस के सम्पर्क में आये 35 से 40 लोगों का कोरोना जॉच अवश्य कराये।

जूम मीटिंग के दौरान सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, एसीएमओ डा. फखरेयार हुसैन, डा. सीके वर्मा, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, उप निदेशक कृषि अनिल कुमार, डिप्टी कलेक्टर सूरज यादव, डीएसओ सत्यवीर सिंह, बीएसए जगदीश शुक्ल, डीआईओएस डी. एस. यादव, कार्यक्रम अधिकारी सावित्री देवी, डीपीआरओ शिवशंकर सिंह, ईओ नगर पालिका अखिलेश त्रिपाठी, मनीष सिंह, यूनिसेफ के आलोक राय, डब्लूएचओ के डा. स्नेहिल एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# शौचालय के 984 पात्रों को धनराशि का इंतजार

महराजगंज। जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत शौचालय के 984 पात्रों को धनराशि का इंतजार है। चयनित होने के चार माह बाद भी उन्हें प्रथम किस्त नहीं मिल सकी है। जिसके कारण शौचालय की नींव नहीं रखी जा सकी। पात्र परेशान हैं और ब्लाक से लेकर विकास विभाग तक भटक रहे हैं। धनराशि कब मिलेगी, इसकी सही जानकारी भी जिम्मेदार उन्हें नहीं उपलब्ध करा पा रहे हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी कृष्ण बहादुर वर्मा ने बताया कि शौचालय निर्माण कार्य को लेकर विभाग गंभीर है। चयनित पात्रों के खातों में शीघ्र ही धनराशि भेज दी जाएगी। इसके लिए प्रक्रिया चल रही है। लापरवाही बनी वजहः यह तो सिर्फ बानगी है। जिले में इस प्रकार 984 पात्र हैं, जिन्हें सितंबर 2021 में ही चयनित कर लिया गया है। लेकिन इनके खाते में धनराशि नहीं पहुंच सकी। इस लेटलतीफ में कहीं चुनाव कार्य का बोझ तो कहीं सचिवों द्वारा समय से डिमांड न भेजने का हवाला दिया जा रहा है। केस एक–निचलौल क्षेत्र के ग्राम पंचायत कड़जा की अंजनी ने बताया कि शौचालय के लिए एक साल से कागज जमा है। लेकिन अभी तक शौचालय की धनराशि नहीं मिली है। अब घर में बहू भी आ गई है। घर में शौचालय नहीं होने से दिक्कत होती है। केस दो– पैकोली कला निवासी मेरूनिशा ने बताया कि चार माह पहले शौचालय लिए आवेदन किया गया था। इसमें मेरा नाम है। लेकिन अभी तक धनराशि नहीं मिली है। जिसके कारण शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है। केस तीन– ग्राम पंचायत रेघाव निवासी प्रभावती ने बताया कि प्रधान शौचालय के लिए कागज जमा कराएं हैं। अगर धनराशि मिल जाती तो शौचालय निर्माण करा इसका उपयोग किया जाता। केस चार– बूढ़ाडिह खुर्द निवासी रामदेव यादव ने बताया कि चार माह पहले निचलौल ब्लाक पर फार्म जमा कराया गया था। दिसंबर माह में धनराशि के बारे में पूछे जाने पर बताया गया कि समय लगेगा, लेकिन अभी तक धनराशि नहीं मिली है।

# गगहा पुलिस ने लूट की मोबाइल व 30 हजार नकद के साथ तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

### घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल एक 315 बोर तमंचा बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के टिकर स्थित बियर की दुकान के मुनीब से दो मोबाइल 40000 रुपए नगर 18 दिसंबर 2021 को लूट लिया था वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह व सहायक पुलिस अधीक्षकध् क्षेत्राधिकारी बांसगांव राहुल भाटी को निर्देशित किया कि अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजे गगहा पुलिस निर्देशों का अनुपालन करते हुए सर्विस लांस वह मुखबीर की मदद से मुनीब से लूटे हुए दो मोबाइल व 30770 घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल एक नाजायज 315 बोर तमंचा के साथ रियाव मोड़ के पास बहद गांव हटा बाजार से तीन अभियुक्तों मान सिंह पुत्र स्वर्गीय रामसमुझ निवासी पांडेयपार डढ़वा थाना गोला देवेंद्र उर्फ सतीराम पुत्र रामनिवास



निवासी पांडेयपार डढ़वा थाना गोला राजकुमार पुत्र स्वर्गीय महेंद्र यादव निवासी पांडेयपार डढ़वा थाना गोला गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरुण कुमार सिंह ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों ने पहले तो अनजाने में लूट होने की घटना को स्वीकार किया लेकिन बाद में इन की कुंडली खंगाली गई तो राजकुमार पुत्र महेंद्र यादव अपराधिक किस्म का व्यक्ति निकला इसके खिलाफ जनपद के विभिन्न थाना अंतर्गत 12 मुकदमा पंजीकृत किए गए थे इसी तरह देवेंद्र उर्फ सतीराम के खिलाफ भी विभिन्न थाना अंतर्गत तीन मुकदमा पंजीकृत थे यह सब तीनों लुटेरे सोची समझी रणनीति के तहत लूटपाट की घटना को अंजाम दिये था जो सर्विस लांस ने लूट का राज खोलने में निर्णायक साबित हुआ। गिरफ्तार करने वालों में प्रमुख रूप से जयंत कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना गगहा वरिष्ठ उप निरीक्षक अशोक कुमार यादव उप निरीक्षक रविंद नाथ चौबे हेड कांस्टेबल अनिल कुमार पांडेय कांस्टेबल संतोष कुमार सिंह कांस्टेबल रमेश प्रसाद मौजूद रहे।

# 23 केंद्रों पर आज परीक्षा देंगे 17718 अभ्यर्थी

महराजगंज। नवंबर माह में पेपर लीक होने के बाद स्थगित हुई उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) पुनरू 23 जनवरी रविवार को जिले के 23 केंद्रों पर होगी। इस दौरान दोनों पालियों में कुल 17718 अभ्यर्थी परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा की सुचिता को बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर सीसी कैमरे लगेंगे, जिसकी निगरानी स्वयं लखनऊ से होगी। बाकी केंद्रों पर एसटीएफ की टीम भी निगरानी करेगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पहली पाली में सुबह दस बजे से साढ़े बारह बजे तक प्राथमिक स्तर की परीक्षा होगी। दोपहर ढ़ाई बजे से पांच बजे तक उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा होगी। प्राथमिक स्तर की परीक्षा में 10914 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं, जिनकी परीक्षा कुल 23 केंद्रों पर आयोजित होगी, जबकि उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा के लिए 6804 अभ्यर्थियों के लिए 15 केंद्र बनाए गए हैं। इसके लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इन केंद्रों पर होगी परीक्षाः प्रथम पाली में राजकीय कन्या इंटर कालेज धनेवा–धनेई, डा. भीमराव आंबेडकर महाविद्यालय धनेवा, राजकीय कन्या इंटर कालेज आनंदनगर, जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कालेज महराजगंज, जीएसवीएस इंटर कालेज महराजगंज, दिग्विजयनाथ इंटर कालेज चौक बाजार, सेठ आनंदराम जयपुरिया इंटर कालेज आनंदनगर,लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज आनंदनगर, शिवजपत सिंह जनता इंटर कालेज भिटौली, पंचायत इंटर कालेज परतावल, डीएवी नारंग इंटर कालेज घुघली, कार्मल इंटर कालेज धनेवा, लिटिल फ्लावर स्कूल धनेवा, बिशप एकेडमी महराजगंज, पंडित दीनदयाल इंटर कालेज महराजगंज, सेंट जोसेफ्स स्कूल महराजगंज, गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय चौक, आइटीएम चेहरी फरेंदा रोड महराजगंज, एमपी पब्लिक स्कूल आनंदनगर, परमेश्वर सिंह पीजी कालेज आनंदनगर, झिनकी देवी स्मारक पीजी काजेल धानी और स्वर्ण प्रभा पीजी कालेज आनंदनगर का नाम शामिल है। वहीं द्वितीय पाली में राजकीय कन्या इंटर कालेज धनेवा–धनेई व आनंदनगर, डा. भीमराव आंबेडकर डिग्री कालेज धनेवा, जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कालेज महराजगंज, जीएसवीएस इंटर कालेज महराजगंज, दिग्विजयनाथ इंटर कालेज चौक बाजार, सेठ आनंदराम जयपुरिया आनंदनगर, लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज फरेंदा, शिवजपत सिंह इंटर कालेज भिटौली, पंचायत इंटर कालेज परतावल, डीएवी नारंग इंटर कालेज घुघली, कार्मल इंटर कालेज महराजगंज, लिटिल फ्लावर स्कूल महराजगंज, बिशप एकेडमी व पंडित दीनदयाल इंटर कालेज महराजगंज में छात्र परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। रैन बसेरा में ठहर सकेंगे बाहर से आने वाले परीक्षार्थीः महराजगंज। जिले में टीइटी परीक्षा में शामिल होने को बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को ठहरने के लिए जिला प्रशासन ने निशुल्क व्यवस्था की है। इसके लिए नगर पालिका महराजगंज के रैन बसेरा को व्यवस्थाओं से सुसज्जित कर तैयार किया गया है। डीएम सत्येंद्र कुमार ने बताया कि जनपद के रैनबसेरों में 23 जनवरी को प्रस्तावित टीईटी. परीक्षा के मद्देनजर बाहर से आने वाले परीक्षार्थी निशुल्क ठहर सकते हैं।

सभी रैन बसेरों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों तक विद्यार्थियों के परिवहन के लिए वाहनों की भी व्यवस्था की गई है, जिसके लिए परीक्षार्थियों को कोई किराया नहीं देना होगा। उनका प्रवेश पत्र ही पास के तौर पर मान्य होगा। यदि किसी बस चालक, कंडक्टर द्वारा पैसे की मांग की जाती है, तो परीक्षार्थी उनकी शिकायत कंट्रोल रूम में कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम का मोबाइल व वाट्सएप नंबर 9936770670, 9936773700 तथा मोबाइल 9936770118 व 9936770280 पर शिकायत दर्ज करा सकते है।

# कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच मिलेगी ``बूस्टर डोज'' की संजीवनी

- 10 जनवरी से हेल्थ केयर, फ्रंट लाइन वर्कर, गम्भीर बीमारी से ग्रसित व बुजुर्गो को लगाई जा रही है वैक्सीन
- बूस्टर डोज के लिए 09 महीने पहले कोरोना के दोनों टीके लगवाना जरूरी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। ओमीक्रॉन के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए अब जिले के लोगों को कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज लगाई जा रही है।वर्तमान में ये डोज हेल्थ केयर, फ्रंटलाइन वर्कर, 60 साल से ऊपर के बुजुर्ग व गम्भीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को लगाई जा रही है। उन व्यक्तियों को भी ये डोज दी जाएगी जिनकी ड्यूटी चुनाव में लगेगी। बूस्टर डोज लेने के लिए व्यक्ति को 09 माह पहले कोरोना वैक्सीन की दोनो डोज लेना अनिवार्य है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुशील कुमार ने शनिवार को बताया कि 10 जनवरी से फ्रंटलाइन वर्कर और 60 साल से ऊपर के लोगों को बतौर प्रीकॉशन डोज में उसी वैक्सीन की डोज दी जा रही है जो उन्होंने पहले दो डोज ले रखी है। यानी अगर कोई व्यक्ति पहला और दूसरा डोज कोवैक्सिन की ले रखी है तो उसे प्रीकॉशन डोज भी कोवैक्सिन की ही लगेगी। इसी तरह जिसने पहले दो डोज कोविशील्ड की ले रखी हैं तो उन्हें भी बूस्टर डोज कोविशील्ड की ही लगेगी।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार ने बताया कि कोरोना की दूसरी लहर में भी आर नॉट वैल्यू की रफ्तार इतनी तेज नहीं थी जितनी की अब है। इसका मतलब मामलों का प्रसार पहले से कहीं अधिक तेज है। पहले से वायरस की प्रजनन दर अधिक है, इससे संक्रमण दर बढेघ्गी और ज्यादा लोग संक्रमित हो सकते हैं।जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अरूण कुमार ने बताया कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण व ओमीक्रान को देखते हुए लोगों की इम्युनिटी बूस्ट करने के लिए प्रीकॉशन डोज दी जानी है। इसमें सबसे पहले 60 साल से ऊपर के 40 हजार बुजुर्गों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस लक्ष्य में प्राथमिकता उन्हे दी जाएगी जिन्हे डायबिटिक, हाईपरटेंशन, टीबी, एड्स व कैंसर जैसी गम्भीर बिमारी हो। इसके अलावा जिले के 8167 हेल्थ केयर वर्कर व 9322 फ्रंटलाइन वर्कर को भी प्राथमिक रूप से डोज दिया जा रहा है । उन्होने बताया कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी विधानसभा चुनाव में लगी है और उनके दूसरे डोज के 09 माह पूरे हो चुके है उन्हे भी डोज दी जानी है। ड्यूटी में लगे कर्मचारियों की सूची मिलने के बाद उन्हे भी वैक्सीन लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ सुशील कुमार ने जनपदवासियों से अपील किया है कि बूस्टर या प्रिकॉशन डोज के योग्य सभी लोग अपना वैक्सीन यथासंभव लगवा लें जिससे के वे स्वयं को व अपने परिवार तथा समाज को कोविड संक्रमण से बचायें।

## अपर जिलाधिकारी ने किया राजनीतिक दलों के साथ बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर।विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के दृष्टिगत



प्रत्याशियों द्वारा चुनाव के दौरान किए जाने वाले निर्वाचन व्यय की निगरानी के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों साथ अपर जिलाधिकारीध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अभिलाष की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।बैठक में अपर जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र के किसी प्रत्याशी द्वारा अधिकतम व्यय की सीमा 40 लाख रुपए निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी नामांकन से पूर्व निर्वाचन संबंधी व्यय हेतु अलग से अपना या एजेंट के साथ संयुक्त रुप से राष्ट्रीयकृत बैंकध् को ऑपरेटिव बैंकध् डाकघर में अपना खाता खुलवाएंगे तथा निर्वाचन संबंधी सभी व्यय इसी खाते के माध्यम से किया जाएगा। बैंक खाता राज्य में कहीं भी खोला जा सकता है। उन्होंने बताया कि दस हजार रुपए से अधिक का निर्वाचन व्यय प्रत्याशी द्वारा केवल आरटीजीएस या ऑनलाइन माध्यम से ही किया जाएगा।अपर जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न मदों में व्यय किए जाने वाली दरों का निर्धारण कर दिया गया है। उनके द्वारा निर्वाचन संबंधी किए जाने वाले चुनावी खर्चे का आकलन तय किए गए दर के अनुसार किया जाएगा।इस दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी विनोद कुमार द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विस्तार पूर्वक मदवार तय किए गए दरों की जानकारी दी गई।इस अवसर पर अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला पूर्ति अधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिद अहमद, वरिष्ठ सहायक मुन्ना लाल व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ओमीक्रोन देश के लिए है सबसे ज्यादा खतरनाक:योगी

### देश के प्रत्येक नागरिक की जान है बहुमूल्य स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जानने अलीगढ़ पहुंचे

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा




आज अलीगढ़ में दीनदयाल अस्पताल में मौजूद कोविड–19 मरीजों का हाल जाना उनके द्वारा ओमिक्रोन को लेकर सतर्क रहने की बात कही है योगी आदित्यनाथ के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया देश में ओमनी क्रोन की दस्तक काफी खतरनाक साबित हो सकती है स्वास्थ्य विभाग के साथ–साथ आम जनता को भी इसके लिए सतर्क रहने की जरूरत है योगी आदिनाथ के द्वारा कहा गया मौजूदा हालातों में उनके द्वारा लगातार सभी जिलों का दौरा किया जा रहा है देश के सभी नागरिकों से अपील की जा रही है ओमनी क्रोन को लेकर सतर्क रहें, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग में कोरोना प्रबन्धन टीम का गठन किया गया है जिससे कोविड के मरीजों की देखभाल सही तरीके से की जा सके साथ ही हर रोज कोरोना वायरस के मरीजों की स्थिति का आकलन लगाया जा सके इसको लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा कोविड–19 प्रबंधन टीम का गठन करते हुए जगह–जगह जिलों में टीम की तैनाती की गई है, इधर ही योगी जी के संबोधन के दौरान कुछ महिला कर्मचारियों ने उनके पति की सैलरी ना मिलने पर हंगामा काटा इधर ही पुलिस प्रशासन ने और महिला कर्मचारियों को आश्वासन देकर शांत कराया।

## ओबरा महाविद्यालय में ऑनलाइन पोस्टर,स्लोगन एवं गीत प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा(सोनभद्र) ।उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा,सोनभद्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार के निर्देशन में कार्यक्रम के संयोजक डॉ संतोष कुमार सैनी एवं डॉ उपेंद्र कुमार,डॉ.महीप कुमार स्वीप कोऑर्डिनेटर द्वारा एक मत के महत्त्व विषय पर ऑनलाइन पोस्टर,स्लोगन एवं गीत प्रतियोगिताओं का शानदार आयोजन कराया गया।जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। कविता प्रतियोगिता में कुमारी आशा व कुमारी प्रज्ञा मिश्रा बी ए. द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, हर्षिता पांडे बीकॉम द्वितीय वर्ष व अंशिका भारती बीएससी तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा अजय यादव बीएससी द्वितीय वर्ष व गरिमा सिंह बीए द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।पोस्टर प्रतियोगिता में शिवानी सिंह बी ए द्वितीय वर्ष व खुशी भट्ट बीएससी प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान कुमकुम कुमारी बीएससी प्रथम वर्ष व गरिमा सिंह बीए द्वितीय वर्ष में द्वितीय स्थान तथा अंशिका भारती, रुचि कुमारी व रिंकी यादव बीएससी तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।स्लोगन प्रतियोगिता में शिवानी सिंह बी . ए. द्वितीय वर्ष, हर्षिता पांडे बीकॉम द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, रुचि कुमारी बीएससी तृतीय वर्ष ,खुशी अग्रवाल बी.ए. द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा कुमकुम कुमारी बीएससी प्रथम वर्ष, रिंकी यादव बीएससी तृतीय वर्ष व कुमारी आशा बी ए. द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार जी ने सभी विजेता छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए एक – एक मत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने पर बल दिया । कार्यक्रम के संयोजक इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ.संतोष कुमार सैनी ने मतदान को राष्ट्रीय कर्तव्य बताते हुए ना सिर्फ स्वयं मतदान करने बल्कि अपने निकट संबंधियों ,साथियों, एवम अपने संपर्क में आने वाले सभी लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का संदेश दिया ।वही स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ. महीप कुमार व डॉ. उपेंद्र कुमार ने मतदान को सबसे आवश्यक कार्य बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का संदेश दिया।

## कोविड टीकाकरण में आगे आए युवा वर्ग : सीएमओ

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलीगढ़। जनपद में कोविड टीकाकरण का ग्राफ बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में स्कूलों में शिविर लगाएं जा रहे हैं वहीं युवाओं के बीच कोविड टीके के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र, युवक मंगल, बाल सुधार गृह और चाइल्ड लाइन जैसे संस्थानों से मदद ली जा रही हैं। इसी बीच मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज त्यागी ने बुधवार को अपील की है कि युवा वर्ग निःसंकोच टीकाकरण के लिए आगे आएं। साथ ही अपने आसपास के लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनपद में 42.75



लाख (95)ः युवाओं को कोविड टीका से प्रतिरक्षित किया जा चुका है।जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एमके माथुर ने कहा कि जिन ब्लॉक में कोविड टीकाकरण की संख्या अच्छी है वहां यही तेजी बनाए रखना होगा। जहां कम है वहां और काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि 15–18 आयु वर्ग के युवा कोविड टीके की दूसरी डोज की नियत तारीख पर लगवा लें तभी पूरी सुरक्षा मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान व अन्य विभागों की मदद और सत्र विभाजन जैसे फार्मूले भी इस टीकाकरण को बढ़ाने में सार्थक भूमिका निभा रहे हैं। सभी के प्रयास से जागरूकता की लहर पैदा की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक जिले में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 27.25 लाख लोगों ने टीके की पहली डोज लगवा ली है, जबकि 15. 33 लाख से अधिक आबादी कोविड टीके की दोनों डोज ले चुकी है। वहीं 15–18 आयु वर्ग के लगभग 1.34 लाख किशोरों ने टीका कवर प्राप्त कर लिया है। 13,783 प्रतिशत पात्र लोगों को प्री–कॉशन डोज भी मिल चुकी है।

## मुख्यमंत्री के आगमन पर रहाचाक–चौबंद

### .सफाई व्यवस्था चप्पे–चप्पे पर दिखे नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी





दैनिक बुद्ध का संदेश

अलीगढ़। शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलीगढ़ आगमन पर नगर निगम अलीगढ़ द्वारा नगरी क्षेत्र में कार्यक्रम स्थल और मुख्यमंत्री के आगमन मार्ग पर सफाई और निर्माण की चाक–चौबंद व्यवस्था की गई। मुख्यमंत्री के आगमन कार्यक्रम को देखते हुए नगर आयुक्त गौरांग राठी और अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त ने संयुक्त रूप से नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ शनिवार सुबह 5.00 बजे से ही फील्ड में निकल कर दीनदयाल हॉस्पिटल पीएसी



हेलीपैड क्वारसी बाईपास धनीपुर हेलीपैड असद पुर एटा चुंगी बाईपास रामघाट रोड लाल डिग्गी मैरिस रोड केला नगर जेल रोड तहसील रोड रघुनाथ पैलेस एवं मुख्यमंत्री के भ्रमण स्थल चुहरपुर में सफाई व्यवस्था को चाक–चौबंद किया। मुख्यमंत्री के भ्रमण स्थल चुहरपुर रघुनाथ पैलेस रोड दीनदयाल हॉस्पिटल में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त ने सफाई व्यवस्था की कमान संभाली और अधीनस्थों से चाक–चौबंद इंतजाम करवाए। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए प्रभारी अधिकारी वर्कशॉप मनोज कुमार की देखरेख में नगर निगम ने आवारा पशुओं को पकड़ने का युद्ध स्तर पर अभियान चलाया लगभग 25 आवारा गोवंश को पकड़ा गया।मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम समाप्त होने के पश्चात नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त ने व्यवस्थाओं में लगे नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी, सफाई कर्मचारी और ए टू जेड को उम्दा इंतजाम मुख्यमंत्री के आगमन पर कराने पर बधाई दी।

## नाबार्ड द्वारा एम ई डी पी योजना अंतर्गत दरीबुनाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश





बलरामपुर। जनपद में राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड लखनऊ द्वारा प्रायोजित महिला सदस्यों द्वारा दरी प्रशिक्षण कार्यक्रम के 15 दिन के समापन के अवसर पर प्रशिक्षण महिला सदस्यों को डीडीएम नाबार्ड ब्रिज साहनी द्वारा पहाड़ा पुर के रनिया पुर में भारत बौद्ध सेवा संस्थान द्वारा एमपीडीपी योजना के अंतर्गत दरी बुनाई का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण किया गया उक्त अवसर पर संस्था प्रमुख गया प्रसाद गौतम ने महिला प्रशिक्षणार्थियों सदस्यों को प्रमाण करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की उन्होंने बताया कि वर्तमान में समूह की 15 महिला सदस्यों को दरी प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र दिया जा रहा है प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाली महिला समूह के सदस्यों में प्रमुख रूप से साध्वी चंद्रावती संगीता पतरकी शाहिदा प्रेमी राजकुमारी जिला दुर्गावती रूपा देवी श्यामकली बेलमती राम कुमारी निर्मला ज्ञानमती सीता सुमन सरस्वती देवी किरण रोहिया सादिया रानी गुलशन कृष्णावती किरण नगीना सुंदरी छुटकी साबीरा पुतली देवी चंडी देवी मनसा देवी आदि का प्रमाण पत्र दिया गया।

## नेशनल पैरा एथलीट हर्षवर्धन और रश्मि सिंह बने मतदाता जागरूकता अभियान का आइकन

### *लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बने, अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें– मतदाता जागरूकता अभियान के आइकन*

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में अधिक से



अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराए जाने एवं वोट प्रतिशत बढ़ाए जाने हेतु चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नेशनल पैरा एथलीट हर्षवर्धन दीक्षित व नेशनल हॉकी खिलाड़ी रश्मि सिंह को अभियान का आइकन बनाया गया है।मतदाता जागरूकता अभियान के दोनों आइकन द्वारा जनपद के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के तहत जनपद में 3 मार्च को होने वाले मतदान के दिन अधिक से अधिक के मतदाता अपने बूथ पर जाकर अपने मताधिकार प्रयोग अवश्य करें।मतदाता जागरूकता अभियान के आइकन नेशनल पैरा एथलीट हर्षवर्धन दीक्षित व नेशनल हॉकी खिलाड़ी रश्मि सिंह को अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर उपजिलाधिकारी श्रीमती ज्योति गौतम उपस्थित रही।

## उपजिलाधिकारी घोरावल ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र ।घोरावल तहसील क्षेत्र के कई गावों के मतदान केंद्रो का निरीक्षण उपजिलाधिकारी रमेश कुमार ने किया।शनिवार को तहसील क्षेत्र के छोटकापुर,बरवा,शाहगंज, खजुरी,उसरी,खुर्द, ठुथेर,बनौरा,दुरावल कला,ओड़ौली,लसडी कला,सलैया,देवरी ऊँचडीह , महुरेसर,खचार,खतौली,परासी पांडेय स्थित मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया गया।इन मतदान केंद्रों पर मतदान की तैयारी के दृष्टिगत आवश्यक भौतिक सुविधाओं की स्थिति का आंकलन किया गया।मौके से वेबकास्टिंग हेतु आवश्यक सुविधाएं,वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए किए गये प्रयास,क्रिटिकल और वनरेबल बूथों पर की गई कार्यवाही समीक्षा की गई।मतदान केंद्रो पर रूट और कम्युनिकेशन प्लान,पोस्टल बैलट के लिए फार्म 12 डी एवं कोविड–19 वैक्सीनेशन के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए गये।समीक्षा के दौरान क्षेत्रीय बीएलओ उपस्थित रहे।तहसील क्षेत्र के लसड़ा समेत अन्य स्थानों पर वैक्सीनेशन का निरीक्षण किया गया।



# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए वोटरों को किया गया जागरूक

लहरपुर देहात,सीतापुर। आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग और प्रशासन की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर वोटरों को जागरूक किया जा रहा है। ब्लॉक संसाधन केंद्र लहरपुर में वोटर जागरूकता हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र लहरपुर पर आने वाले शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों के साथ साथ आमजन को भी हस्ताक्षर पटल पर हस्ताक्षर कराकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर पटल का अनावरण विगत दिनों उपजिलाधिकारी पीएल मौर्य द्वारा किया गया था। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आने वाले रसोईया, अभिभावक, शिक्षक तथा आम मतदाता उक्त पटल पर हस्ताक्षर करके आगामी चुनाव में अपने मत का प्रयोग अवश्य करने और मतदान प्रतिशत को बढ़ाने का संकल्प ले रहे हैं। ब्लॉक संसाधन केंद्र लहरपुर में स्थापित मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर पटल पर बड़ी संख्या में उत्साह पूर्व मतदाता हस्ताक्षर कर रहे हैं। एक पटल हस्ताक्षर से भर जाने पर खंड शिक्षा अधिकारी रणजीत कुमार ने आज एक और नवीन मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर पटल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केआरपी अनवर अली, शिक्षक महफूज का प्रदीप कुमार वर्मा, संदीप कुमार, ललित कुमार, जैनुल हसन, विनीत कुमार, मुख्तार अहमद, कंप्यूटर ऑपरेटर सिंकल वर्मा, सौरभ शुक्ला, इब्राहिम सिद्दीकी, ऋषभ मिश्रा आदि मौजूद थे।

# जहां श्रद्धा उत्पन्न होती है वही मन स्थिर हो जाता है : संत विमर्श सागर

सिधौली,सीतापुर। भाव लिंगी संत श्रमण आचार्य विमर्श सागर जी महाराज ने कस्बे के जैन मंदिर चल रहे प्रवचन के दौरान कहा कि संसारी जीव की बुद्धि जिस पदार्थ में लगती है उस पदार्थ में ही जीव की श्रद्धा उत्पन्न हो जाती है और जहां श्रद्धा उत्पन्न होती है वही मन स्थिर हो जाता है। पदार्थों में बुद्धि कब लगती है जब पदार्थों में हित की अथवा उपकार की वृद्धि होती है कि यह पदार्थ मेरा हित करने वाला है। अथवा यह वस्तु मेरा उपकार करने वाली है। तब स्वयं ही श्रद्धा वहां पर उत्पन्न हो जाती है। बताते चलें कि आचार्य विमर्श सागर सिधौली कस्बा के जैन मंदिर में बीते सप्ताह अपने शिष्यों के साथ पहुंचे थे। जहां पर लगातार उनके प्रवचन का लाभ जैन समाज के लोग ले रहे हैं। प्रवचन में उन्होंने कहा ठीक ऐसे ही जब इस जीव की धर्म और धर्मात्मा अर्थात सच्चे देव सच्चे शास्त्र सच्चे गुरु में हित की उपकार की वृद्धि जागृत होती है। तब उसकी श्रद्धा इन धर्म और धर्मात्मा में उत्पन्न हो जाती है फिर उसका मन भी धर्म व धर्मात्मा में ही स्थिरता को प्राप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि यदि आपको अपनी श्रद्धा को वास्तविक श्रद्धा बनाना है तो अपने श्रद्धेय जिनेंद्र भगवान में उपकार की वृद्धि जागृत करो दुख से निकालकर सुख में रखने वाले हैं। यह कभी हमारा नहीं करते। इस अवसर पर शुभम जैन, राजकुमार जैन, महावीर जैन, अभिषेक जैन, गुड्डू जैन, हिमांशु जैन, गगन जैन, दीपू जैन, परितोष जैन, सरिता जैन, रश्मि जैन, ऋतु जैन, पुष्पा जैन, शशी जैन, स्नेहलता जैन, श्वेता जैन, नेहा जैन सहित समाज की सभी महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का बुरा हाल, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा इलाज

हरदोई। सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रभावी कदम न उठाए जाने के कारण आम जनमानस को खामियाजा उठाना पड़ता है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है, डॉक्टरों के मनमाने तरीके से आने के कारण आम नागरिक झोलाछाप डॉक्टरों की शरण में जाने को विवश हैं। विकास खण्ड कछौना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरी खालसा में तैनात डाक्टर नियमित रूप से नहीं आते हैं। यह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्रामीण क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से खजोहना, गौरी खालसा, कहली, निर्मलपुर, महमूद पुर धटिंगड़ा, मेंढ़ौआ, गौसगंज, बेहसर, हसनापुर, सरसण्ड आदि ग्रामों के ग्रामीणों के इलाज का मुख्य केंद्र है। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर, स्टाफ नर्स, एएनएम, फार्मासिस्ट, वार्ड बॉय तैनात हैं, परंतु के नियमित रूप से न आने के कारण अन्य स्टाफ भी मनमाने तरीके से आते जाते हैं। एचसीएल फाउंडेशन द्वारा रेली मेडिसिन के माध्यम से इलाज करते हैं। जबकि यहां पर ओपीडी, भर्ती आदि की सुविधा मुहैया है। परंतु विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते लाखों रुपए का बजट बंदरबांट किया जा रहा है। आम नागरिक मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टरों व दाइयों की शरण में जाने को विवश है। जिसके चलते आए दिन रोगी इलाज में के अभाव में व गलत इलाज के चलते मौत के घाट उतार रहे हैं। सरकारी स्वास्थ्य सेवा न मिलने के कारण गौसगंज क्षेत्र में दर्जनों झोलाछाप डॉक्टर, पंजीकृत नर्सिंग होम, क्लीनिक संचालित है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर में साफ–सफाई के अभाव में झाड़ी उगी हैं। डॉक्टर व स्टाफ के आवास जर्जर पड़े हैं। पेयजल हेतु लगे इंडिया मार्का नल सभी खराब पड़े हैं। पानी की टंकी भी शोपीस बनी है। जबकि कोविड–19 की तीसरी लहर चल रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अव्यवस्थाओं का अंबार है। क्षेत्रीय विकास जन आंदोलन के अध्यक्ष रामखेलावन कनौजिया ने बताया गलत इलाज के कारण मरीज अनजाने में गंभीर बीमारी की चपेट में आ जाते हैं, परंतु सरकारी स्वास्थ्य सेवायें काफी बदहाल हैं।

स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति के लिए निगरानी तंत्र काफी लचीला है। बायोमेट्रिक मशीन ज्यादातर खराब है। जिसके कारण स्वास्थ्य कर्मी मनमाने तरीके से आते हैं। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर प्रवेश न होने के कारण डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी आने व रुकने में रुचि नहीं दिखाते हैं। आबादी के अनुपात में ग्रामीण क्षेत्र में प्रशिक्षित डॉक्टरों की संख्या काफी कम है। जनप्रतिनिधियों और सरकार की प्राथमिकता में बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना नहीं है। जहां स्वास्थ्य कर्मियों के मनमाने तरीके से ड्यूटी पर प्रभारी अधीक्षक डॉ किसलय बाजपेई ने बताया जांच कर दोषी कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार युवक की मौत

रेउसा,सीतापुर। थाना थानगांव क्षेत्र में मार्ग दुर्घटना में अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने पुलिस को पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर परिजनों को शुरू कर दिया। मृतक प्रशांत कुमार 25 पुत्र जसवंत कुमार वर्मा निवासी थाना सकरन सुबह मोटरसाइकिल पर सवार होकर बाबा पहाड़ी लाल 55 पुत्र अनुरोध सिंह वर्मा को लेकर गन्ना क्रय केंद्र रामपुर मथुरा जा रहा था। यहां थाना क्षेत्र के महमूदाबाद मार्ग पर चिरैया गांव के निकट पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। दोनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा लाया गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया। उपचार के दौरान प्रशांत कुमार की मौत हो गई। वहीं दूसरे घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना थानगांव उप निरीक्षक अरविंद कुमार पांडे ने बताया परिजनों ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# टैक्सी ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, उपचार दौरान मौत

सिधौली,सीतापुर। नेशनल हाईवे के नीलगाव मोड़ पर हाईवे क्रास कर बाइक को तेज रफ्तार टैक्सी ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे एलकेएनयू में इलाज के लिए भेजा गया जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार अरुण कुमार पुत्र संतोष कुमार उम्र करीब 32 वर्ष निवासी खपुरा भट्ठ छरेहरा थाना हसनगंज जनपद उन्नाव जो अपनी बाइक से अटरिया कस्बे की नीलगाव तिराहे की हाइवे क्रासिंग पार कर रहा था। तभी लखनऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार टैक्सी अनियंत्रित होकर बाइक पर पलट गई। जिसमें बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन. फानन में युवक को सिधौली सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बताते हैं कि युवक की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं पुलिस ने टैक्सी को हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी।

# तौल बाबू की लापरवाही के चलते बाल बाल होते बचा बड़ा हादसा

### चलती हुई विधुत लाइन के लगभग पांच खम्भे गिरे, कई राहगीरों ने दौड़कर बचायी अपनी जान

नेरी,सीतापुर। गन्ना बाबू तथा ट्रक ड्राइवर की मनमानी के चलते एक बहुत बड़ा हादसा होते होते बच गया। जानकारी के अनुसार तहसील महोली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नेरी से पिसावां जाने वाले मार्ग पर ग्राम छेलिया में हरियावां शुगर मिल का एक गन्ना सेंटर नेरी ए के नाम से लगा हुआ है। जहां पर किसानों का गन्ना तौला जाता है। आज उसी सेंटर से गन्ने की भरी ट्रक यूपी 20 टी 5792 ओवरलोड भरकर निकली कि वहां पर रोड के ऊपर से निकली विद्युत विभाग की ग्यारह हजार लाइन के तारों में जा फंसी। वहीं ट्रक ड्राइवर ने यह तक नहीं देखा कि तार फंसे तो कैसे वहां पर लोग चिल्लाते रहे लेकिन वह नहीं रुका। जिसके चलते विद्युत विभाग के लगभग 5 खंभे गिर गए तथा कुछ टूट गये। वहीं वहां से निकल रहे राहगीर मुन्ना सिंह पुत्र रघुवर सिंह उम्र 55 वर्ष लगभग निवासी महराज नगर की साइकिल भी तारों में फंस गई। वहीं मुन्ना सिंह ने दौड़कर किसी तरह अपनी जान बचाई। गनीमत यह रही नेरी से पिसावां जाने वाले छोटे व बड़े वाहन उस समय नहीं निकल रहे थे नहीं तो यह घटना बहुत बड़ी घटना हो सकती थी। इस प्रकार से यहां पर ओवरलोड गन्नों की ट्रकों से आए दिन छुटपुट हादसे होते रहते हैं लेकिन कोई भी अधिकारी व कर्मचारी इस पर ध्यान नहीं देता है। वहीं इस संबंध में अभिशाषी अभियंता से बात की गई तो उन्होंने कहा जानकारी मिली है मौके पर अधिकारियों को भेज रहे हैं। जांच कर दोषी व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# सभी श्रमिक अपना टीकाकरण अवश्य कराएं–बालश्रम अधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। बालश्रम अधिकारी जनपद बलरामपुर भूपेन्द्र मिश्रा ने बताया कि श्रम विभाग सभी निर्माण श्रमिकों को ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों से अपील करता है कि सभी श्रमिक अपना टीकाकरण अवश्य करा लें। श्रमिक अपने नजीदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर वैक्सीन लगवायें। इसके साथ ही साथ दो गज दूरी मास्क है जरुरी का पालन अवश्य करें।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने काटा हंगामा

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलीगढ। दरअसल कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को रोकने



के लिए अलीगढ़ स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी तैयारियां कर ली गई है वही तैयारियों का जायजा लेने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अलीगढ़ पहुंचे। वही मुख्यमंत्री ने क्वारसी स्थित दीनदयाल अस्पताल का निरीक्षण किया और संक्रमण से निपटने हेतु की गई तैयारियों का जायजा लिया। इसी दौरान अपनी मांगों को लेकर पहुंची महिलाओं ने कार्यक्रम स्थल पर हंगामा काटना शुरू कर दिया। उनकी मांग थी कि उनके पति लंबे समय से कोविड–19 कर रहे हैं लेकिन उनको तनख्वाह नहीं दी गई है। वहीं हंगामा काटने वाली महिलाओं को पुलिस ने समझा बुझा कर वापस घर भेज दिया। और जल्द उनकी समस्या को खत्म करने की बात कही।

# पिकअप में लादकर 3 भैंस चोरी करके ले जाए जा रहे चोरों का ग्रामीणों ने किया घेराव,छोड़कर भागे हो

हरदोई।अरवल थाना क्षेत्र के कड़ेरिया गांव में रात अज्ञात बदमाशों ने 3 भैंसों को पिकअप पर लाद कर ले जा रहे थे, तभी बदमाशों की आहट पाकर जागे ग्रामीणों के शोरगुल पर गांव वालों ने पिकअप का पीछा किया। बढ़ते दबाव को देखकर बदमाश भैसों से लदी पिकअप छोड़कर मौके से फरार हो गए। वही ग्रामीणों को बदमाशों का मोबाइल भी मिला है जो कि पुलिस को दे दिया गया है। अरवल थाना क्षेत्र के श्रीमऊ के मजरा कड़ेरिया गांव में . रात अज्ञात बदमाशों ने रामचेला के मकान के बरामदे में बंधी 3 भैसो को लादकर ले जा रहे थे, तभी बदमाशों की भनक ग्रामीणों को लग गई। रामचेला ने गांव वालों की मदद से पिकअप का पीछा किया। जिस पर भैंस चोर कुसुमखोर पुल की कुछ दूरी पर पिकअप छोड़कर मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर पहुंची मौके पर पहुची अरवल पुलिस ने पिकअप के अलावा बदमाशों का मोबाइल बरामद किया है। पिकअप को पुलिस ने थाने में खड़ी करा दी है। वही पीड़ित ने मामले की तहरीर थाने में दी है। परंतु पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट लिखने के बजाय उसे थाने से टरका दिया है।थानाध्यक्ष अरवल राजपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने पिकअप व मोबाइल बरामद किया है। मामले की जांच कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सोमवार से ओपीडी में आने वाले मरीजों के लिए कोरोना की जांच अनिवार्य हुई

कानपुर। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों में बढ़ते कोरोना के मामलों को देखते हुए प्राचार्य डॉ संजय काला ने एक अहम फैसला लिया है। उन्होंने सोमवार से ओपीडी में आने वाले मरीजों के लिए कोरोना की जांच अनिवार्य कर दी है। उनका कहना है कि जिस तरह से हैलट अस्पताल में डॉक्टरों में कोरोना का संक्रमण फैल रहा है उसे रोकने के लिए यह कदम लिया गया है। ओपीडी में दिखाने आने वाले सभी मरीजों को सोमवार से कोरोना की एंटीजन जांच करवाना अनिवार्य होगा। यह जांच हैलट में बने पांच जांच काउंटर से कराई जा सकेगी। डॉ संजय काला ने बताया,ओपीडी में एक मरीज के साथ काम से काम तीन से चार लोग आते है इस पर भी पाबंदी लगाई जाएगी। एक मरीज के साथ ओपीडी कक्ष में एक एक ही तीमारदार आ सकेगा। मेडिकल कॉलेज में 166 डॉक्टर संक्रमितः मेडिकल कॉलेज की उप–प्राचार्य डॉ ऋचा गिरी ने बताया, तक मेडिकल कॉलेज में 166 सीनियर और जूनियर डॉक्टर कोरोना संक्रमित हो चुके है। इसी को देखते हुए प्राचार्य ने यह कदम लिया है। इससे आने वाले समय में फ्रंटलाइन वर्कर्स का संक्रमित होना कम हो जाएगा। डॉ ऋचा गिरी ने बताया, जितने भी डॉक्टर कोरोना संक्रमित पाए गए है उनमें से ज्यादातर डॉक्टर्स ने बूस्टर डोज लगवा रखी थी। ओमीक्रोन संक्रमण तो फैला रहा है लेकिन इसका असर ज्यादा दिनों तक नहीं रहता है।

# आईआईटी की मेस को पांच स्टार रेटिंग मिली

कानपुर। पढ़ाई के साथ हाइजीन व खाने में भी आईआईटी कानपुर अव्वल है। संस्थान के मेस को एफएसएसएआई (फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अर्थारिटी ऑफ इंडिया, नई दिल्ली) की ओर से पांच स्टार की रेटिंग दी गई है। यह पहला मौका है, जब आईआईटी को यह रेटिंग मिली है। संस्थान के अधिकारियों का दावा है कि उत्तर प्रदेश में पांच रेटिंग पाने वाला आईआईटी कानपुर पहला संस्थान है। इस रेटिंग से पहले एफएसएसएआई के ऑडिटर ने कई बिंदुओं पर जांच कर 12 जनवरी 2022 को इसका सर्टिफिकेट प्रदान किया है। आईआईटी में स्थित मेस, कैंटीन समेत सभी दुकानों पर हाइजीन व स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखा जाता है। भारत सरकार ने ईट राइट इंडिया अभियान की दो वर्ष पहले शुरुआत की है। इसके तहत ईट राइट कैम्पस होता है, जिसमें विभिन्न संस्थानों को आवेदन करने के बाद एफएसएसएआई के अधिकारी ट्रेनिंग देते हैं और रेटिंग करते हैं।

# फल मंण्डी की दुकानों में लगी भीषण आग, लाखों की क्षति

फिरोजाबाद । नगर के कोटला रोड स्थित फल सब्जी मंडी में रात अचानक भीषण आग लग गई। जिससे लगभग 6 दुकान जलकर खाक हो गई। आग से लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। थाना उत्तर क्षेत्र के कोटला रोड स्थित फल सब्जी मंडी में रात अचानक आग लग गई। कुछ ही समय में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें इतनी जोरदार थी कि उसने लगभग 6 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे यह दुकानें धू–धू कर जलने लगी। दुकानों से आग की लपटें उठती देख आस पास के लोग सन्न रह गये। चीख पुकार मचने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। किसी ने सूचना दुकान स्वामी के साथ–साथ थाना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही दुकान स्वामी, थाना पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंची। जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकानों में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया इधर जानकारी होते ही नगर विधायक मनीष असीजा भी मौके पर पहुंच गये। जिन्होंने घटना से अधिकारियों को अवगत कराया है। आग से लाखों के नुकसान की आशंका जाहिर की जा रही है। फल दुकानदार संतोष गुप्ता का कहना है कि आज से लगभग 2 या 3 साल पहले भी आग लग गई थी और आज फिर कई दुकानों में आग लगी है। इसका कारण अभी नहीं पता चला है। वही कुछ दुकानदारों का आरोप यह भी है कि किसी ने आग जानबूझकर लगाई है। वही मंडी के आढ़तियों का कहना है कि मंडी समिति के गार्ड व कर्मचारियों का इस तरफ कोई ध्यान नहीं होता है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# भतीजे को गोली मारने वाले आरोपी चाचा को पुलिस ने तमंचे के साथ किया गिरफ्तार

हरदोई । थाना क्षेत्र के मिरकापुर गांव में भतीजे को गोली मारने वाले आरोपी चाचा को पुलिस ने तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हरपालपुर थाना क्षेत्र के मिरकापुर गांव निवासी श्यामा 35 वर्ष पुत्र भभूति शाम 8बजे अपने घर पर चाय पी रहा था। तभी उसका चचेरा चाचा धमेंद्र उसे अपने घर बुलाकर ले गया और उसे शराब पीने के लिए कहने लगा। मना करने पर गुस्से में तमंचे से उसके बायें कंधे पर गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल बाद में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक ने बताया कि घायल के भाई रामू की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध जानलेवा हमले के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। लमकन पुल के पास से आरोपी चाचा धर्मेंद्र को एक तमंचा 315 बोर के चार कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।आरोपी चचेरे चाचा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# थानाध्यक्ष ने दिया मानवता का परिचय, घायल को भिजवाया अस्पताल

फिरोजाबाद। थानाध्यक्ष मटसेना अंजीस कुमार ने शुक्रवार को मानवता का परिचय देते हुये सड़क हादसे में घायल एक युवक को अपनी सरकारी गाड़ी से उपचार के लिये अस्पताल भिजवाया है। थाना सिरसागंज क्षेत्र के काजी खेड़ा निवासी जयदयाल (22) पुत्र ब्रहमपाल सिंह मोटर साईकिल पर सवार होकर कहीं जा रहा था। बताया जाता है कि तभी मटसेना क्षेत्र के रिलायंस पेट्रोल पम्प के समीप अचानक उसकी मोटर साईकिल से एक सांड टकरा गया। जिससे जयदयाल गिरकर घायल हो गया। दुर्घटना देख लोगों की भीड़ जमा हो गयी। घायल को घटना स्थल से गुजर रहे राहगीरों ने उठाकर रोड़ साइड किनारे पर लिटा दिया और एम्बुलेंस के आने का इंतजार करने लगे। इसी दौरान वहाँ से थानाध्यक्ष मटसेना अंजेश कुमार का निकलना हुआ। उन्होंने तत्काल बिना समय गवाये अपनी पुलिस टीम की मदद से घायल युवक को अपनी गाड़ी से उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जिससे उसे उपचार मिल सका।

# कांग्रेस ने गोपामऊ विधानसभा में सुनीता देवी ने दूर टू डोर चुनाव प्रचार

हरदोई।सुनीता देवी जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस 157 गोपामऊ विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी पुत्र वधु स्वर्गीय बाबू किन्दर लाल पूर्व सांसद विधायक व विनीत कुमार वर्मा जिला अध्यक्ष ने ग्राम अलावलपुर,गाढ़ी पुरवा, खमाई पुरवा, भदेवरा,गोदे पुरवा, दुर्जन पुरवा,टेढ़वा पुरवा,संपर्क किया। इस मौके पर जिला सचिव दीपक वर्मा,विकास वर्मा, अरविं केद वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष टडियावा, अंबेश वर्मा , रामबरन, राम रईस, राजीव कुमार मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः– राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# घर पर मिनटों में बनाए जा सकते हैं मोजरैला चीज के ये पांच व्यंजन, जानिए रेसिपी



वैसे तो मार्केट में कई तरह की चीज मौजूद हैं, लेकिन उनमें से सबसे ज्यादा मोजरैला चीज को लोकप्रिय माना जाता है। चीज का नाम सुनते ही बच्चों से लेकर बड़ों तक के मुंह में पानी आ जाता है। खैर, अगर आपको और आपके परिवार को भी मोजरैला चीज पसंद है तो आप घर पर हमारे द्वारा बताए जाने वाले कुछ आसान मोजरैला चीजी व्यंजन ट्राई कर सकते हैं। आइए आज मोजरैला चीज के पांच व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं।

बेक्ड टोमैटो विद चीज

आप इस क्लासिक इटैलियन डिश को कुछ ही मिनट में तैयार करके इसका जायका ले सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक बेकिंग प्लेट पर एक टमाटर काट लें, फिर उनके ऊपर ढेर सारा मोजरैला और परमेसन चीज डालें। इसके बाद टमाटर पर तुलसी की कुछ पत्तियां, स्वादानुसार नमक और जैतून का तेल डालें। अब बेकिंग प्लेट को ओवन में रखकर 10 मिनट के लिए बेक करें, फिर इस व्यंजन को नाश्ते या साइड डिश के रूप में खाएं।

मार्गेरिटा पिज्जा

अगर आप पहली बार कोई पिज्जा बनाना जा रहे हैं तो आपके लिए मार्गेरिटा पिज्जा बनाना आसान होगा। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बाजार से मिलने वाले रेडीमेड पिज्जा बेस लें और उस पर टोमैटो या फिर पिज्जा सॉस अच्छे से स्प्रेड करें। इसके बाद इस पर मोजरैला चीज को कद्दूकस करके अच्छे से गार्निश करें। अब पिज्जा को ओवन ग्रील पर रखकर चार मिनट तक बेक करें, फिर इस स्वादिष्ट व्यंजन का जायका लें।

चीजी गार्लिक ब्रेड

चीजी गार्लिक ब्रेड बनाने के लिए सबसे पहले ओवन को प्री–हीट करें। इसके बाद हॉट डॉग वाली ब्रेड को बीच में से काट लें, फिर एक कटोरे में एक चम्मच मक्खन, थोड़ा बारीक कटा लहसुन, स्वादानुसार नमक, एक चुटकी काली मिर्च का पाउडर और थोड़ा जैतून का तेल मिलाकर इस मिश्रण को ब्रेड की स्लाइस पर फैलाएं। इसके बाद मोजरैला चीज को कद्दूकस करके ब्रेड पर डालें और इसे 10 मिनट तक ओवन में बेक करके परोसें।

मैक एंड चीज

मैक एंड चीज एक ऐसा स्वादिष्ट व्यंजन है, जो अपनी दो प्रमुख सामग्रियों के कारण लोकप्रिय है एक तो पास्ता और दूसरा, मोजरैला चीज। इसके लिए सबसे पहले एक पैन में थोड़ा दूध उबालें, फिर उसमें पास्ता डालें। अब 10 मिनट तक इस मिश्रण को करछी की मदद से हिलाएं और ठीक से पकाएं। अब इसमें मोजरैला चीज कद्दूकस करके डालें और जब चीज अच्छे से पिघल जाए तो समझ जाइए मैक एंड चीज तैयार है और इसे गर्मा–गर्म परोसें।

ऑलिव ऑयल मैरीनेटेड मोजरैला चीज बॉल्सः इस नो–कुक रेसिपी के लिए आपको सबसे पहले एक कटोरे में एक से दो कप जैतून का तेल, थोड़ा बारीक कटा लहसुन, आपकी पसंदीदा हर्बस, चिली फ्लेक्स और स्वादानुसार नमक मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण में मोजरैला चीज के बॉल्स बनाकर डालें और सभी चीजों को अच्छी तरह से मिलाएं। परोसने से पहले इसे एक घंटे के लिए मैरीनेट करें। ध्यान रखें कि चीज बॉल्स जितनी देर जैतून के तेल में भिगोएंगे, वे उतने ही स्वादिष्ट बनेंगे।

## शहनाज गिल ने स्टाइलिश ड्रेस में लगाया ग्लैमर का तड़का

रिएलिटी शो बिग बॉस फेम शहनाज गिल ने ग्लैमरस की दुनिया में दमदार वापसी की है. उन्होंने अपने लेटेस्ट फोटोशूट



की झलक दिखाई है, जिससे फैंस क्रेजी हो गए हैं. शहनाज ने डिजाइनर ड्रेस के साथ ग्लैमर का जबरदस्त तड़का लगाया है. शहनाज गिल ने एक बार फिर अपने फैंस का दिल जीत लिया है. उन्होंने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसे बहुत पसंद किया जा रहा है. फोटोज में शहनाज ब्लैक कलर की शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही हैं. उनकी स्लीव्स पर ग्रीन फैदर का लुक दिया गया है, जिसमें वह बहुत हॉट लग रही हैं. शहनाज ने अपने बालों का बन बनाया हुआ है. इसके साथ ही उन्होंने मैचिंग कलर के ईयररिंग्स पहने हैं जो उनके लुक कंप्लीट कर रहा है. इस फोटोशूट से एक बार फिर शहनाज ने ग्लैमर की दुनिया में दमदार वापसी की है. उनकी तस्वीरों को जमकर लाइक और शेयर किया जा रहा है. हर फोटो में शहनाज अलग–अलज पोज में नजर आ रही हैं. उन्होंने अपने एक्सप्रेशंस और लुक से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं. शहनाज गिल की इन तस्वीरों को दो घंटे में साढ़े 5 लाख से भी ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं. फेमस सेलिब्रिटी फोटोग्राफर ने शहनाज गिल की इन तस्वीरों को क्लिक किया है.




# केजीएफ चौप्टर 2 में इंदिरा गांधी का किरदार नहीं निभा रहीं रवीना



जब से रवीना टंडन का नाम फिल्म केजीएफ चौप्टर 2 से जुड़ा है, खबर थी कि वह इसमें भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाने वाली हैं। उनके इस किरदार को लेकर फैंस भी सोशल मीडिया पर खूब कयास लगा रहे थे। अब आखिरकार रवीना ने इस फिल्म में अपनी भूमिका पर चुप्पी तोड़ दी है। उन्होंने साफ कर दिया है कि वह इसमें इंदिरा गांधी नहीं बनी हैं। रवीना ने कहा, इस फिल्म में इंदिरा गांधी जी के बारे में कुछ भी नहीं है। ना तो मेरा लुक उनके जैसा है और ना ही मेरा किरदार उनसे प्रेरित है। ना ही हमने ऐसा कोई संदर्भ लिया है। उन्होंने कहा, यह फिल्म 80 के दशक पर आधारित है। मैं फिल्म में एक प्रधानमंत्री की भूमिका निभा रही हूं, इसलिए अटकलें लगाई जाने लगीं कि मैं फिल्म में इंदिरा गांधी जी की भूमिका निभा रही हूं। रवीना ने कहा, मैं फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। हम एक अनिश्चित माहौल में रह रहे हैं। सिनेमाघर फिर खुल गए थे। दर्शक भी फिल्में देखने जा रहे थे, लेकिन नई लहर ने चीजों को फिर से धीमा कर दिया है। उन्होंने कहा, मैं केजीएफ चौप्टर 2 के लिए भी बहुत उत्साहित हूं। निर्देशक प्रशांत नील के साथ काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा, वहीं फिल्म के हीरो यश बहुत विनम्र और जेंटलमैन हैं। इस फिल्म में ना सिर्फ रवीना, बल्कि संजय दत्त भी नजर आएंगे। रवीना ने कहा, संजय और मैंने सोचा था कि हम पहले की तरह सेट पर धमाका करेंगे, लेकिन दुर्भाग्यवश हम इस फिल्म में कहीं साथ नहीं दिखेंगे। उन्होंने कहा, हमें सेट पर एक–दूसरे से नहीं टकरे, क्योंकि हमारे शूटिंग शेड्यूल अलग–अलग होते थे। हमने प्रशांत से अनुरोध भी किया कि क्या किसी सीन में हमारे साथ आने की कोई गुंजाइश है, लेकिन स्क्रिप्ट की डिमांड कुछ और थी। रवीना और संजय की असल में काफी अच्छी दोस्ती है। रवीना तो शुरुआत से ही संजय की फैन रही हैं। दोनों अब तक विजेता से लेकर, आतिश, जंग और जीना मरना तेरे संग जैसी दर्जन भर फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। फिल्म की रिलीज डेट फिलहाल 14 अप्रैल रखी गई है। इसकी रिलीज का इंतजार पिछले एक साल से चल रहा है। फिलहाल सब कोरोना के हालात पर निर्भर है। केजीएफरू चौप्टर 2 तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषा में रिलीज की जाएगी। तमिल, तेलुगु और हिंदी में आई केजीएफ चौप्टर 1 पहली कन्नड़ फिल्म थी, जिसने 250 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की। यह चौथी हिंदी में डब की गई फिल्म थी, जिसने सबसे ज्यादा कमाई की थी।

# रणवीर को नई नई चीजें नए तरीकों से करना पसंद



बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह का कहना कि उनकी क्रिएटिविटी की कोई तय सीमा नहीं है। रणवीर को नई नई चीजें नए तरीकों से करना पसंद है। रणवीर ने खुलासा किया, मेरा निरंतर प्रयास रहता है कि आप मुझे एक जैसे किरदार में नहीं देखें। आप मुझे परिभाषित नहीं कर सकते।

मैं परिभाषित नहीं होना चाहता क्योंकि मुझे लगता है कि इसकी मौलिक प्रकृति से कुछ परिभाषित करना मुझे सीमित कर देगा। एक रचनात्मक के रूप में व्यक्ति मैं यह विश्वास करता हूं कि मेरी कोई सीमा नहीं है। मेरे शिल्प के भीतर संभावनाएं असीमित हैं, अनंत हैं। अभिनेता कहते हैं कि इस बात का कोई अंत नहीं है कि वह स्क्रीन के लिए कितने किरदार निभा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इस बात का कोई अंत नहीं है कि मैं कितना एक्सप्लोर कर सकता हूं और कितने अलग–अलग किरदार कर सकता हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं इसे जारी रखूंगा और मैं ऐसा ही करता रहूंगा। वर्कफ्रंट की बात करें तो उनके पास यशराज की जयेशभाई जोरदार, फिल्म निर्माता शंकर की ब्लॉकबस्टर अन्नियां की रीमेक, रोहित शेट्टी की सर्कस और करण जौहर की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी सहित आगामी रिलीज की एक लंबी लाइन है।

# विटामिन– डी की कमी को दूर करने में सक्षम हैं ये पेय पदार्थ, डाइट में करें शामिल



शरीर को स्वस्थ रखने में पोषक तत्वों की संतुलित मात्रा अहम भूमिका निभाती है। इन्हीं पोषक तत्वों में से एक है विटामिन– डी, जिसकी कमी से शरीर कई बीमारियों से घिर सकता है। आमतौर पर विटामिन– डी की कमी को दूर करने के लिए धूप में रहने या फिर सप्लीमेंट्स लेने को कहा जाता है, लेकिन आप चाहें तो कुछ पेय पदार्थों से भी इसकी कमी दूर कर सकते हैं। आइए कुछ ऐसे पेय पदार्थों के बारे में जानते हैं।

संतरे का जूसः संतरे के जूस में विटामिन– सी के साथ–साथ विटामिन– डी शामिल होता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद कर सकता है। वहीं, इसके सेवन हृदय से जुड़े जोखिम कम होते हैं। इसलिए नियमित रूप से एक गिलास संतरे के जूस का सेवन जरूर करें। हालांकि, ध्यान रखें कि संतरे का जूस आर्टिफिशियल फ्लेवर या फिर आर्टिफिशियल कलर युक्त नहीं होना चाहिए। बेहतर होगा कि आप मार्केट की बजाय घर में बना संतरे का जूस पिएं। सोया मिल्कः सोयाबीन से बनने वाला यह दूध भी विटामिन– डी से समृद्ध होता है। इसका सेवन करने से कई शारीरिक और मानसिक समस्याओं के इलाज में मदद मिल सकती है। सोया मिल्क का सेवन आप नियमित तौर पर एक गिलास तक कर सकते हैं। खासकर वजन घटाने का प्रयास कर रहे लोगों को इसका सेवन जरूर करना चाहिए, लेकिन इसका सेवन करने से पहले एक बारी अपने डॉक्टर से सलाह परामर्श जरूर कर लें। गाय का दूधः गाय का दूध कई पोषक तत्वों का बेहतरीन स्त्रोत है और इसमें विटामिन– डी भी शामिल होता है। इस दूध का नियमित तौर पर सेवन करने से आप अपने वजन को कम करने से लेकर मधुमेह समेत कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित रखने तक कई स्वास्थ्य लाभ पा सकते हैं, लेकिन इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करें। ध्यान रखें कि रोजाना एक से दो कप ही गाय के दूध का सेवन करना ही स्वास्थ्य को फायदा पहुंचा सकता है। पुदीना छाछः पुदीना छाछ का सेवन भी विटामिन– डी की कमी को दूर करने में मदद कर सकता हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक मिक्सर जार में दही (आवश्यकतानुसार), थोड़ी पुदीने की पत्तियां, एक चुटकी भुना जीरा, एक चुटकी काला नमक और सफेद नमक (स्वादानुसार) डालकर मिक्सर को चलाएं। अब तैयार पुदीना छाछ को एक गिलास में डालकर पीएं। इसके सेवन से आप अपने शरीर में विटामिन– डी के स्तर को बेहतर बना सकते हैं। क्या आप जानते हैं?ः अगर आप इन पेय पदार्थों का अधिक सेवन करते हैं तो ये विटामिन–डी की कमी को पूरा करने की बजाय कई तरह की समस्याओं का कारण बन सकते हैं। इसलिए बेहतर होगा कि आप सीमित मात्रा में ही इनका सेवन करें।